दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 3 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-312 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

नई दिल्ली जल बोर्ड का डायरेक्टर 20 करोड़ रूपए के जल घोटाले के आरोप में गिरफ्तार हो गया। इसमें हैरानी वाली कोई बात नहीं है। जिस राज्य में हजारों करोड़ का शराब घोटाला हुआ हो वहां 20 करोड़ का पानी घोटाला तो बनता ही है। शराब भला बगैर पानी के न तो बन सकती है और न ही पी जाती है। जाहिर है शराब घोटाला होगा तो पानी घोटाला भी होगा। अब तो यह देखना होगा कि शराब घोटाले और पानी घोटाले के बाद कब चखना घोटाले का पर्दाफाश होता है और चखना घोटाले में कौन-कौन पकड़ा जाता है?

महादेव एप में एमपी-यूपी के भाजपा नेताओं के नाम आए तो ईडी को सांप सूंघ गया : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। छग विस में आज पेश हुए अनुपूरक बजट पर चर्चा के दरमियान पूरे समय विपक्ष हंगामा करता रहा और इस हंगामे में ही सत्ता पक्ष के सदस्य बजट की महिमा का बखान करते रहे। हद तो तब हो गई जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं चर्चा के लिए खड़े हुए तो पूरा विपक्ष गर्भगृह में न केवल सरकार विरोधी नारे लगा रहा था, बल्कि रघुपति राघव राजा राम और श्रीराम जय राम, जय-जय राम जैसे भजन गा रहा था। जैसे-जैसे मुख्यमंत्री बोल रहे थे वैसे-वैसे विपक्ष अपनी आवाज ऊंची कर रहा था। हालांकि सीएम ने अपना भाषण जारी रखा। उन्होंने कहा कि इनके नेता देश बेच रहे हैं और पूरा देश देख रहा है। इन लोग हमें ज्यादा दिन रोक नहीं पाएंगे। इसी हंगामे के बीच भूपेश बघेल ने कहा कि बस्तर को हमेशा अशांत रखना चाहते हैं ताकि इनकी राजनीति चलती रहे। सबसे ज्यादा धर्मांतरण इन्हीं के कार्यकाल में हुआ। धर्म के नाम पर लूटने का काम यही लोग करते हैं। राज्यपाल के अभिभाषण के समय घड़ियाली आंसू बहाए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा **जिस महादेव एप को लेकर ये लोग हल्ला मचा रहे, इसमें सबसे पहली कार्रवाई हमारी सरकार ने की और आनन-फानन में ईडी ने भी मामला अपने हाथ में ले लिया। जैसे ही ईडी की जांच आगे बढ़ी और मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश भाजपा नेताओं के नाम आने लगे तो ईडी को सांप सूंघ गया और कार्रवाई जहां के तहां रूक गई।** विपक्ष अफवाह फैला रहा कि हमारे किसी पार्टी के विधायक या कार्यकर्ता शामिल हैं। हम आज भी महादेव एप के खिलाफ कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। सदन में अनुपूरक बजट को सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इसके बाद विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन की कार्रवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया।

रविंद्र-बृजमोहन ऊंवाच



विधानसभा में मीडिया को बयान देकर लौटे बृजमोहन अग्रवाल का संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे से आमना-सामना हुआ तो दोनों ने एक-दूसरे पर तंज कसे। रविंद्र चौबे बोले 'रघुपति राघव राजा राम' और श्रीराम जय राम, जय-जय राम तक तो ठीक था, लेकिन 40 साल के राजनीतिक इतिहास में पहली बार देखा कि विपक्ष के लोग सदन में कुकुर जैसी आवाज निकाल रहे हैं, बस इतना सुनना था कि बृजमोहन अग्रवाल भी बोल पड़े, हमने भी पहले बार ही देखा है कि हत्याओं और धर्मांतरण जैसे गंभीर मसलों पर स्थगन सूचना पर चर्चा से सरकार भाग रही है। संसदीय कार्यमंत्री के तंज को पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने सनातन से जोड़ दिया और उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार को सद्बुद्धि देने के उम्मीद से ओम का नाद कर रहा था और रविंद्र चौबे उसे किसी जानवर की आवाज बता रहे थे यह न केवल ओम का बल्कि सनातन धर्म का अपमान है। सरकार को बाज आना चाहिए।

//-- सुविचार --//

अपनी जिंदगी में अगर कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलों अपने इरादों को नहीं।

जनसंख्या

विश्व : 8,019,642,071

भारत : 1,416,948,958

बाजार

सेंसेक्स : 58909.35

निफ्टी : 17321.90

गोल्ड : 56,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 66,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.11 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	35.2	21.5
बिलासपुर	35.5	20.7
जगदलपुर	34.4	16.9
अंबिकापुर	31.9	16.5

आज का दिवस

विश्व वन्यजीव दिवस

लुप्त हो रही जीव-जंतुओं की प्रजातियों और वनस्पतियों के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस यानी वर्ल्ड वाइल्डलाइफ डे मनाया जाता है। 3 मार्च 1973 में हुए 'जंगली जीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन' (ष्टढ्ढञ्जश्वस्) को विश्व वन्यजीव दिवस अपनाने का दिन घोषित करने का निर्णय लिया जिसे थाईलैंड द्वारा, दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मनाने के लिए प्रस्तावित किया गया था। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिक, आनुवांशिक, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है।

पूर्वोत्तर में खिला कमल, मेघालय में त्रिशंकु सरकार

नई दिल्ली। पूर्वोत्तर के 3 राज्यों के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा और नगालैंड के रिजल्ट आ चुके हैं। दोनों राज्यों में भाजपा को फिर से बहुमत मिला है। नगालैंड में भाजपा गठबंधन को 37 और त्रिपुरा में 33 सीटें मिली हैं। मेघालय में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनपीपी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। एनपीपी के खाते में अभी 25 सीटें आ रही हैं। वोटिंग के बाद एग्जिट पोल्स में त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा गठबंधन को बहुमत का अनुमान था। मेघालय में हंग असेंबली के आसार थे। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ट्वीट करके कहा- मेघायल के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके सरकार बनाने के लिए मदद मांगी है। दरअसल, मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा है जहां पर किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है।

एनडीपीपी गठबंध ने 33 सीटें जीती : नगालैंड में सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन ने 33 सीटें जीतकर 60 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत हासिल कर लिया। एनडीपीपी ने 21 सीटें जीती हैं जबकि भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की है। एनडीपीपी और भाजपा ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। एनडीपीपी ने 40 और भाजपा ने 20 सीट पर प्रत्याशी उतारे थे।

आप का कांग्रेस पर तंज : पूर्वोत्तर के तीनों राज्य में कांग्रेस स्थिति पतली है. त्रिपुरा-नगालैंड और मेघालय में पार्टी सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है. इस पर आम आदमी पार्टी के सौरभ भारद्वाज ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत पर बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर के इस राज्य की जनता के प्रति आभार जताया और कहा कि उनका वोट विकास और स्थिरता के लिए है। उन्होंने नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने के लिए भी राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि ''डबल इंजन'' की सरकार राज्य की प्रगति के लिए काम करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने मेघालय में भाजपा का समर्थन करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए पार्टी कड़ी मेहनत करती रहेगी।

ईडी दफ्तर के अंदर विधायक व नेता, बाहर कांग्रेस का लंगर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है, तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का भी प्रदर्शन भी जारी है। अब तो प्रदर्शन ईडी दफ्तर के बाहर ही होने लगी है। गुरुवार को ईडी दफ्तर में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव देखे गए। इसके अलावा कर्मकार मंडल के अध्यक्ष कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल को भी बुलाया था। इधर ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेस नेताओं का लंगर और धरना प्रदर्शन चलता रहा, और ईडी के खिलाफ नारेबाजी होती रही। विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा- मैं खुद दफ्तर गया था। मुझे पूछताछ के लिए नहीं बुलाया गया था। दरअसल मेरा फोन जब्त करके रखा हुआ है। मैंने डेटा (फोन में मौजूद नंबर्स) मांगा था। बिना नंबरों के मैं अपने कई परिचितों से संपर्क नहीं कर पा रहा हूं। अफसरों ने मुझसे कहा कि इसमें समय लगेगा, मुझे डेटा दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विधायक देवेंद्र यादव को 7 मार्च को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है, देवेंद्र यादव ने कहा कि 7 मार्च को मैं जाऊंगा, पूछताछ में पूरा सहयोग करूंगा मैं किसी से नहीं डरता। वहीं कांग्रेस सरकार में कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल को भी गुरुवार को बुलाया गया था। इन्हें यहां बैठाकर घंटों पूछताछ की गई। शाम 6 बजे तक उन्हें नहीं छोड़ा गया था। सन्नी अग्रवाल से कई तरह के बैंक ट्रॉजेंक्शन, जमीन की डील के बारे में पूछताछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ग्लोबल वॉर्मिंग के लिए अमीर देश जिम्मेदार खामियाजा गरीब देश भुगत रहे : पीएम मोदी

नई दिल्ली। जी20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक दिल्ली में खत्म हो गई। इसमें यूएस, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनिया की 20 बड़ी इकोनॉमीज के प्रतिनिधि शामिल हुए। मीटिंग के इनॉगरल सेशन में पीएम मोदी ने कहा- कई साल प्रगति करने के बाद अब हमारे सामने कई चैलेंज हैं। कई विकासशील देश इस समय फूड और एनर्जी सिक्योरिटी के लिए ऐसे कर्ज तले दबे हैं, जिन्हें वे संभाल नहीं पा रहे। अमीर देशों ने जो ग्लोबल वॉर्मिंग की है, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब देश ही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब दुनिया में गहरे विभाजन हो चुके हैं। पिछले कुछ साल में हमने आर्थिक संकट, जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और युद्ध देखे हैं। इससे साफ हो गया है कि ग्लोबल गवर्नेंस फेल हो चुकी है। दुनिया के अहम मुद्दों को संभालने के लिए बनी संस्थाएं सबसे बड़ी चुनौतियों को पूरा करने में फेल हुई हैं। मीटिंग के बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा- ये ग्लोबलाइजेशन का वक्त है और इससे कोई देश अलग नहीं रह सकता। हर चुनौती का मिलकर सामना करना होगा। यही बात हमारे प्रधानमंत्री ने भी कही है। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मैं मानता हूं कि चीन के साथ रिश्तों में दिक्कत है। उनके फॉरेन मिनिस्टर से सभी मुद्दों पर बातचीत हुई है। इसमें सीमा विवाद भी शामिल है। जी20 के फॉरेन मिनिस्टर्स ने पहली बार काउंटर नार्कोटिक्स पर मिलकर काम करने का वादा किया है। वहीं रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन से जारी जंग की वजह से रूस नहीं बल्कि वेस्टर्न वर्ल्ड अलग-थलग पड़ा है। भारत और रूस के रिश्ते बहुत खास हैं। रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख की हम तारीफ करते हैं। कुछ देशों पर अमेरिका प्रेशर डाल रहा है कि वो रूस के खिलाफ यूएन में वोटिंग करें। ये देश दबाव में नहीं आए, क्योंकि वो पश्चिमी देशों का खेल समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हमने यूएन चार्टर के मुताबिक ही काम किया है। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में जल्द से जल्द सुधार होने चाहिए।

भारत की दूसरी पारी 163 पर सिमटी, कंगारुओं को 76 रन का टारगेट

इंदौर। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट में कंगारू टीम को 75 रनों का टारगेट मिला है। स्टंप्स से ठीक पहले भारत दूसरी पारी में 163 रन पर ऑलआउट हो गया। एमपी इंदौर के होलकर स्टेडियम में गुरुवार को मेहमान टीम ने 156/4 के स्कोर से अपनी पहली पारी को आगे बढ़ाया। कंगारुओं ने पहले सेशन में 41 रन बनाने में आखिरी छह विकेट गंवा दिए और 197/10 के स्कोर के साथ पहली पारी में 88 रन की बढ़त हासिल की। भारत के लिए रवींद्र जडेजा के अलावा, रविचंद्रन अश्विन और उमेश यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। दूसरी पारी में भारत की ओर से मिस्टर भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा ने 35वीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

7वीं की छात्रा नरगिस ने दी 10वीं की परीक्षा

बालोद/नवप्रदेश। बालोद के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली छात्रा नरगिस खान जिनकी उम्र महज 12 वर्ष है, वह 10वीं बोर्ड की परीक्षा सरस्वती शिशु मंदिर में दे रही हैं। इसके लिए उन्हें शासन से विशेष अनुमति मिली है। छत्तीसगढ़ का यह पहला मामला है, जब कक्षा सातवीं की छात्रा दसवीं की परीक्षा में शामिल हुई। छत्तीसगढ़ में गुरुवार 2 मार्च से दसवीं के बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत हिंदी के पेपर के साथ हो गई है। नरगिस परीक्षा देकर निकलीं तो काफी खुश नजर आईं। उन्होंने बताया, पेपर बहुत अच्छा गया है। और बाकी विषयों के एग्जाम के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं। जब कक्षा दसवीं के परीक्षार्थियों के साथ छात्रा बैठी, तो बाकी छात्र-छात्राएं भी गर्व महसूस करने लगे। नरगिस खान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बालोद में पढ़ती हैं। उन्हें अब तक सभी कक्षाओं में 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। इतना ही नहीं वह 10वीं कक्षा के गणित को आसानी से हल कर सकती हैं, और अंग्रेजी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अभिनेत्री सुष्मिता सेन को आया हार्ट अटैक

मुंबई। बॉलीवुड सुष्मिता सेन फैंस को शॉक में डाल दिया है. एक्ट्रेस ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर कर बताया कि उन्हें दो दिन पहले हार्ट अटैक आया था. हालांकि अब उनकी तबियत ठीक है. एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है. सुष्मिता सेन ने हाल ही में एक फोटो अपने पिता सुबीर सेन के साथ इंस्टाग्राम पर शेयर की. फोटो के साथ ही सुष्मिता ने बताया कि पिछले दिनों वो कितने बुरे दौर से गुजरी हैं. उनकी तबीयत कितनी बिगड़ गई. एक्ट्रेस को हार्ट अटैक आया था, उनकी एंजियोप्लास्टी हुई. फिलहाल सुष्मिता की हालत ठीक है. एक्ट्रेस ने पिता के शब्दों के साथ अपने पोस्ट के कैप्शन की शुरुआत की. सुष्मिता ने लिखा- अपने दिल को मजबूत और खुशनुमा बनाए रखो, और ये तुम्हारे साथ हमेशा तुम्हारे बुरे दौर में खड़ा रहेगा. जब तुम्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होगी. ये महान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बदलाव अब प्रधानमंत्री, लोस नेता विपक्ष, सीजेआई का पैनल चुनेगा

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सुको का सुप्रीम फैसला

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि पीएम, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई का पैनल इनकी नियुक्ति करेगा। पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी। 5 सदस्यीय बेंच ने कहा कि ये कमेटी नामों की सिफारिश राष्ट्रपति को करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में साफ कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगी, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह चयन प्रक्रिया सीबीआई डायरेक्टर की तर्ज पर होनी चाहिए। जस्टिस के एम जोसेफ ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वर्तमान में कोई कानून नहीं

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर फिलहाल देश में कोई कानून नहीं है। नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के हाथ में है। अब तक अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के मुताबिक सचिव स्तर के मौजूदा या रिटायर हो चुके अधिकारियों की एक सूची तैयार की जाती है। कई बार इस सूची में 40 नाम तक होते हैं। इस सूची के आधार पर तीनों नामों को एक पैनल तैयार किया जाता है। इन नामों पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति विचार करते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री पैनल में शामिल अधिकारियों से बात करके कोई एक नाम राष्ट्रपति के पास भेजते हैं। इन नाम के साथ प्रधानमंत्री के नोट भी भेजते हैं। इसमें उस शख्स के चुनाव आयुक्त चुने जाने की वजह भी बताई जाती हैं। देखा जाए तो इस प्रक्रिया में सरकार का पूरा रोल होता है। इनका कार्यकाल 6 साल या 65 साल की उम्र जो भी पहले हो तक होता है। इस प्रक्रिया से चुनाव आयुक्त चुने जाते हैं और इनमें से जो सबसे सीनियर होता है उसे मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी केस में एक्सपर्ट कमेटी बनाई

6 मेंबर शामिल, दो महीने में सेबी से स्टेटस रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 6 मेंबर्स एक्सपर्ट कमेटी बना दी है। रिटायर्ड जज एएम सप्रे इस कमेटी के हेड होंगे। उनके साथ इस कमेटी में जस्टिस जेपी देवधर, ओपी भट, एमवी कामथ, नंदन नीलेकणि और सोमशेखर सुंदरेसन शामिल होंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने गुरुवार को यह आदेश दिया। इस कमेटी को मामले की जांच सौंपने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया, यानी सेबी से भी स्टॉक्स की कीमतों में हेरफेर की जांच रिपोर्ट तलब की है। सेबी को 2 महीने के भीतर स्टेटस रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि कमेटी बनाने से मार्केट रेगुलेटर सेबी की स्वतंत्रता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश भी दिए हैं

- सेबी के चेयरपर्सन को एक्सपर्ट कमेटी को सभी जरूरी जानकारी देनी होगी।
- केंद्र सरकार से जुड़े एजेंसियों को कमेटी के साथ सहयोग करना होगा।
- कमेटी अपने काम के लिए बाहरी विशेषज्ञों से परामर्श ले सकती है।
- कमेटी मेंबर्स का पेमेंट चेयरपर्सन तय करेंगे और केंद्र सरकार वहन करेगी।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक सीनियर ऑफिसर को नॉमिनेट करेंगी।
- ये कमेटी को लॉजिस्टिकल असिस्टेंस देने के लिए नोडल ऑफिसर के रूप में काम करेंगे।
- कमेटी के सभी खर्चों को केंद्र सरकार ही वहन करेगी।

संपादकीय

फारूख अब्दुल्ला की बेतुकी मांग

जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूख अब्दुल्ला ने एक बार फिर अपनी बेतुकी मांग दोहराई है। उन्होने कहा है कि कश्मीर में शांति की बहाली के लिए भारत को पड़ौसी देश पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए। उनका कहना है कि जब भारत चीन के साथ बातचीत कर सकता है तो फिर पाकिस्तान के साथ बातचीत करने में क्या दिक्कत है। इस तरह की मांग डॉ फारूख अब्दुल्ला पहले भी कर चुके है। इसी तरह की बातें जम्मू कश्मीर की एक और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती भी करती रही है। इन दोनों नेताओं की कश्मीर से जमीन खिसक चुकी है। 370 के खात्मे के साथ ही जम्मू कश्मीर और तिब्बत के अलग होने से डॉ फारूख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की राजनीतिक दुकानदारी बंद हो गई है। यही वजह है कि ये अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए अकसर विवादस्पद बयानबाजी करते है और पाकिस्तान की पैरोकारी करते है। डॉ फारूख अब्दुल्ला को समझना चाहिए कि चीन के साथ भले ही हमारा सीमा विवाद चल रहा हो लेकिन चीन ने कभी भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ नहीं कराई है। चीनी सेना जरूर गाहे बगाहे भारतीय सीमा में घुसती है लेकिन उसे भारतीय सेना खदेड़ देती है। इसलिए भारत चीन के साथ बातचीत कर रहा है लेकिन पाकिस्तान के साथ हालात जुदा है। पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर यहां अशांति फैलाने की कोशिश करता है। इसका भी भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान मुंहतोड़ जवाब देते है। इसके बाद भी पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बात आने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तान ने भारत के साथ खुद ही रिश्ते खराब किए है। इसलिए पाकिस्तान से बातचीत करने का तो प्रश्न ही पैदा नहीं होता। तमिलनाडु के चेन्नई में बुधवार को डीएमके की तरफ से विपक्षी एकता को बढ़ावा देने के लिए जम्मू-कश्मिर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला डीएमके द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा है कि भारत विविधता में एकता का देश है। भारत ने पहले ही कह दिया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ेगा तब तक उसके साथ किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं होगी। कश्मीर घाटी के पुलवामा जिले में आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित की हत्या कर दी. इस पर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने कहा कि हम इसकी निंदा करते हैं. इंसानियत का खून करना कभी भी इस्लाम का सेवा नहीं हो सकता. उन्होंने आगे कहा कि सरकार को कश्मीरी पंडितों तब तक घाटी नहीं लाना चाहिए जब तक यहां पूरी तरह सुरक्षा नहीं मिल जाती। पाकिस्तान जो इन दिनों भुखमरी का शिकार है और गले तक कर्ज में डूबा हुआ है वह खुद चाहता है कि भारत के साथ उसकी बात हो और भारत भी उसे मदद दें लेकिन भारत उसके साथ तभी बातचीत करेगा और शायद मदद भी देगा जब वह कश्मीर राग अलापना बंद करेगा और आतंकवाद का रास्ता छोड़ेगा। पाकिस्तान ऐसा करने को तैयार नहीं है तो फिर उसके साथ बातचीत भी संभव नहीं है। यह बात डॉ फारूख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को अच्छे से समझ लेनी चाहिए और पाकिस्तान की भाषा बोलना बंद कर देना चाहिए।

राजीव खंडेलवाल

"जनता की सरकार" किस झंडे तले

> भाजपा तो हमेशा की तरह समय पूर्व ही चुनाव की तैयारी में जुट जाती है, बल्कि वह पांचों साल कहीं न कहीं चुनावी मोड में ही रहती है। परन्तु कांग्रेस की स्थिति "गयी भैंस पानी में" जैसी होती है। कहीं-कहीं तो "बी फार्म" भी हेलिकॉप्टर से पंहुचाने पड़ जाते हैं। लेकिन इस बार कमलनाथ ने भी "तुम डाल डाल हम पात पात" की तर्ज पर भाजपा की तरह पन्ना प्रमुख के साथ तैयारी समय-पूर्व वैसी ही प्रारंभ कर दी है। "संघे शक्तिः कलौयुगे" का सूत्र वाक्य पकड़ कर "संघ स्टाइल" में चुनाव लड़ने की कमलनाथ की तैयारी चालू है। इसलिए आज की स्थिति में यह कहना बहुत जल्दबाजी होगा कि चुनाव में कौन पार्टी जीतेगी? पिछले विधानसभा चुनाव में जब भाजपा की हार हुई थी व कांग्रेस की जीत हुई, तब "कांग्रेस के हाथ बटेर" लगने का अनुमान किसी ने नहीं किया गया था। इसलिए इस बार कांग्रेस ज्यादा सशक्त तरीके से चुनाव लड़ने का प्रयास कर रही है क्योंकि उसे अब सत्ता प्राप्ति की उम्मीद ज्यादा लग रही है, जो शायद पिछली बार इतनी भी नहीं थी।

नवम्बर 2023 में मध्य-प्रदेश के विधानसभा चुनाव अन्य 4 प्रदेशों व एक केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर (संभावित) के साथ हो रहे हैं। बदलते गुजरते समय के साथ 'युग' परिवर्तनवादी, प्रगतिवादी, विकासवादी होता है, या कभी पिछड़ेपन लिये भी होता है, परंतु "जड़" नहीं होता है। बड़ा प्रश्न यह है कि आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में "डंका" किसका बजेगा, "झंडा" किसका गड़ेगा और 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस की परेड की सलामी लाल परेड पुलिस ग्राउंड, भोपाल में कौन लेगा? परिवर्तन होगा? या पुनरावृत्ति होगी? इसका सटीक आकलन करना तो "गूलर का फूल तलाशने" जैसा है। फिर भी लगभग 9 महीनों बाद होने वाले विधानसभा चुनाव का आकलन पिछले सवा चार सालों की कार्यप्रणाली के आधार पर और हो रही चुनावी तैयारी को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। परन्तु आगामी इन 9 महीनों में आगे क्या कुछ घटेगा, जो शायद हमारी-आपकी कल्पनाशीलता में न हो या जिस पर हम आज विचार नहीं कर पा रहे हैं, का परिणामों के अनुमान पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। परन्तु फिर बड़ा प्रश्न यही है कि, इस "सूरते हाल" में "तेल देख तेल की धार देखते हुए" वर्तमान चुनावी आकलन इस प्रदेश के बाबत् क्या है?

अभी चुनाव में 9 महीने शेष है। गर्भधारण करने से सामान्यतः 9 महीनों में बच्चे का जन्म होता है और प्रसव कष्ट सहने के साथ बच्चे के पैदा होने पर माँ व परिवार को खुशी होती है। कुछ-कुछ वैसी ही स्थिति राजनैतिक आकलन की भी समझिए। आज राजनैतिक आकलन का "भ्रूण" डाला गया है। 9 महीने बाद जब परिणाम आएंगे, तब राजनीतिक आकलन या चुनावी जनमत सर्वेक्षण (ओपिनियन पोल) किसी को 'कष्ट' देंगे तो किसी के चेहरे पर 'मुस्कुराहट' ला देंगे, यह देखने की बात होगी। गर्भधारण के बाद लिंग टेस्ट करना कानूनन अपराध है। जैसे "एक्जिट पोल" सर्वेक्षण पर कानूनी प्रतिबंध (मतदान समाप्त होने के समय तक) जरूर लगाया गया है, तथापि ओपिनियन पोल पर नहीं।

सिद्धांतः राजनीति का सामान्य सा सिद्धांत यह है कि जब कोई सरकार जनादेश पाकर चुनी जाती है, वह पांच वर्ष अपने चुनावी घोषणा पत्र के वादे की पूर्ति हेतु जनहित में कार्य कर 5 साल बाद पुनः जनादेश मांगने के लिए जनता के पास फिर जाती है। क्या इस "कसौटी" पर भाजपा फिर "खरी" उतरेगी या अपने किये गये वादों को पूरा न करने के कारण जनता में फैले असंतोष से पिछले विधानसभा चुनाव के समान कांग्रेस भाजपा का "टाट उलट कर" सत्ता का "मुकुट" पहन पाएगी? इसका कुछ तथ्यात्मक अनुमान लगाना यद्यपि "कुंए में बांस डाल कर तलाशने" जैसा है, तथापि अनुमान लगाने के पूर्व चुनाव संबंधी कुछ सामान्य बातों की चर्चा कर लेना आवश्यक है।

जहां तक चुनावी घोषणा पत्र/वचन पत्र का प्रश्न है, कोई भी पार्टी चुनावी वादों के घोषणा पत्र को 5 साल की अवधि में न तो पूरा कर पाती है और न ही समस्त वादे पांच साल की अवधि में करने के लिए होते हैं। सामान्य रूप से आम जनता भी इन घोषणा पत्रों को "कागजी घोड़े" मानते हुए उन पर ध्यान न देकर मात्र एक 'परिपाटी' मान कर उनके पूरा होने या न होने के आधार पर अपने मतों का निर्णय नहीं करती है। इसलिए चुनावी घोषणा पत्र के लागू होने का मुद्दा इस चुनावी परिणाम में बहुत कारक होगा, ऐसा लगता नहीं है। यह चुनाव परिणाम की दिशा को तय करेगा, ऐसा भी नहीं लगता है, विपरीत इसके जैसा कि विश्व के कुछ लोकतांत्रिक देशों में होता है। यद्यपि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत का बडा कारक जनता के असंतोष को ही बतलाया गया था। विधानसभा चुनाव में एक प्रमुख मुद्दा एंटी इनकम्बेंसी (सत्ता विरोधी कारक) का होता है। इस फैक्टर का मतलब कदापि यह नहीं होता है कि सत्ताधारी दल की सत्ता के खिलाफ ही अंसतोष हो। बल्कि तथ्य एक यह भी होता है कि जनता ने जिन प्रतिनिधियों को चुना है, चाहे वे सत्ता या विपक्ष के हो, जनता की नजर में वे आरूढ़ (सत्ता-रूढ़ विधायिका के) है। इसीलिए चुने हुए विधायकों के खिलाफ स्थानीय स्तर पर भी एक ऐसी ही एन्टी इनकम्बेंसी फैक्टर मौजूद होती है। क्योंकि वोटर किसी "एक जहाज का पंछी" नहीं होता है। यह बात जरूर है कि यह कारक सत्ता पक्ष के खिलाफ ज्यादा होता है, क्योंकि उनके पास जनता के हितों के लिए कार्य करने के लिए सत्ता (पावर) होता है। इस दृष्टि से देखे तो मध्यपद्रेश में सत्ताधारी पार्टी भाजपा के कार्यकर्ताओं में असंतोष सीमा से ज्यादा खतरनाक लेवल (स्तर) तक पहुंच गया है। यह सबसे बड़ा चिंता का कारण संघ सहित भाजपा के शीर्ष नेतृत्त्व के लिये बन गया है। क्योंकि असंतुष्ट जनता को बूथ में लाने का कार्य संतुष्ट कार्यकर्ता कर सकता है, परन्तु संतुष्ट जनता को बूथ में लाने का कार्य असंतुष्ट कार्यकर्ता नहीं कर सकता है। क्योंकि "कड़े गोश्त के लिये पैने दांतों की जरूरत होती है"।

एक अनुमान के अनुसार प्रदेश की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियां भाजपा व कांग्रेस का प्रतिबद्ध (कमिटेड) वोटर लगभग कुल 40 प्रतिशत के आसपास होता है। आप हम सब जानते है कि इस देश में कम से कम 50 प्रतिशत मतदाता (कमिटेड अथवा फ्लोटिंग (अस्थाई) दोनों) राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रयासों से ही बूथ पर पहुंचते हैं। इस कारण से कहीं न कहीं भाजपा के गले में खतरे की घंटी बज रही है। वैसे एन्टी इनकंबेंसी फैक्टर को (ओवरपावर्ड) "कसाई के खूंटे से बांधने" और 'नेस्तनाबूद' करने की क्षमता भाजपा में आ गई है। साक्ष्य स्वरूप गुजरात, उत्तराखंड, असम, गोवा व कर्नाटक प्रदेशों के चुनाव परिणाम हैं। परन्तु भाजपा की विकास यात्रा कहीं इतिहास की पुनरावृत्ति न कर दे, जब अटल जी के जमाने में अरुण जेटली ने शाइनिंग इंडिया का नारा दिया था और क्या परिणाम आये, आपके सामने है। प्रदेश में चल रही विकास यात्रा में उत्पन्न अभी तक का छुपा हुआ जन असंतोष विरोध के रूप में कमोवेश हर जगह प्रदर्शित हो रहा है, भले ही छुटपुट हो। इससे यह आशंका बलवती हो रही है कि कहीं यह कदम उल्टा न पड़ जाए? विपरीत इसके इन संकेतों को समझकर अगले 9 महीने में इसे बेअसर भी किया जा सकता है? अब यदि कांग्रेस की चुनावी संभावनाओं की दृष्टि से बात करे से तो प्रदेश में यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव होने के पूर्व ही नेतृत्व पर शंका व विवाद की स्थिति नहीं है। "एकै साधे सब सधे" जैसी स्थिति है। अर्थात कांग्रेस की जीत की स्थिति में कमलनाथ ही मुख्यमंत्री बनेंगे, इसमें कोई शक ओ शुब्हा नहीं है। यह स्थिति कांग्रेस को ताकत व मजबूती से लड़ने के लिए प्रेरक तत्व होकर ताकत बन सकती है।

आज का पंचांग (शुक्रवार, 03 मार्च 2023)

सूर्योदयः 06:47,सूर्यास्तः 06:17
चन्द्रोदयः 13:33,चन्द्रास्तः 28:20

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वत : 2079 (नल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : आयुष्मान् (17:51 से सौभाग्य), प्रथम करण : वणिज (19:54 तक), द्वितीय करण : विष्टि (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मिथुन, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:52, सर्वार्थसिद्धि योग : 12:43 से 30:41, रवियोग : 06:42 से 12:43, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:11, गोधूलि मुहूर्त : 18:14 से 18:39, सायाह्न सन्ध्या : 18:16 से 19:31, निशिता मुहूर्त : 24:04 से 24:54, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:42 से 08:09, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवासः आकाश, भद्रावास ?? स्वर्ग (19:54 से), चन्द्रवासः पश्चिम, शिववास : क्रीड़ा में।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - शुभ, 2 - रोग, 3 - उद्वेग, 4 - चर, 5 - लाभ, 6 - अमृत, 7 - काल, 8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - अमृत, 2 - चर, 3 - रोग, 4 - काल, 5 - लाभ, 6 - उद्वेग, 7 - शुभ, 8 - अमृत

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पश्चिम-दक्षिण (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्नर्वसु नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय ,चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (के, को, ह हि) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:56 से 07:22, मीन - 07:22 से 08:45, मेष - 08:45 से 10:19, वृषभ - 10:19 से 12:14, मिथुन - 12:14 से 14:29, कर्क - 14:29 से 16:50, सिंह - 16:50 से 19:09, कन्या - 19:09 से 21:27, तुला - 21:27 से 23:48, वृश्चिक - 23:48 से 26:07, धनु - 26:07 से 28:11, मकर - 28:11 से 29:52।

पञ्चक रहित मुहूर्त

चोर पञ्चक - 06:42 से 07:22, शुभ मुहूर्त - 07:22 से 08:45, शुभ मुहूर्त - 08:45 से 10:19, चोर पञ्चक - 10:19 से 12:14, शुभ मुहूर्त - 12:14 से 12:43, रोग पञ्चक - 12:43 से 14:29, शुभ मुहूर्त - 14:29 से 16:50, मृत्यु पञ्चक - 16:50 से 19:09, अग्नि पञ्चक - 19:09 से 21:27, शुभ मुहूर्त - 21:27 से 23:48, रज पञ्चक - 23:48 से 26:07, शुभ मुहूर्त - 26:07 से 28:11, चोर पञ्चक - 28:11 से 29:52, शुभ मुहूर्त - 29:52 से 30:41।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा प्रयास करने पर की काम बनते नजर आएंगे थोड़ा भी आलस्य पहले की मेहनत पर भी पानी फेर सकता है।

वृष- आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी किसी भी कार्य मे बुद्धि विवेक का कम ही इस्तेमाल करेंगे।

मिथुन- आज के दिन चंचलता मन पर हावी रहेगी दिन के आरंभिक भाग में अपने हास्य परिहास से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

कर्क- आज का दिन किसी न किसी रूप में हानि देकर जाएगा विशेषकर व्यावसायिक कार्यो में जदबाजी ना करें धोखा होने की संभावना है।

सिंह- आज के दिन आप अपनी छवि सुधारने का प्रयास करेंगे दिखावे की मानसिकता रहेगी।

कन्या- आज का दिन सफलता दायक है दिन के आरंभ से ही लक्ष्य बनाकर धर्य से कार्य करे जो भी कार्य करेंगे उसमे थोड़ी बहुत परेशानी के बाद सफलता अवश्य मिलेगी।

तुला - आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा लेकिन आज आपको पूर्व में किसी की सहायता ना कर पाने का अफसोस भी होगा।

वृश्चिक- आज का दिन बीते कल की तुलना में विपरीत फलदायी रहेगा अपने रूखे व्यवहार के कारण जो लोग आपको सम्मान दे रहे थे वे ही मन ही मन कोसेंगे।

धनु- आज के दिन आपके घर मे किसी महिला का जिद्दी व्यवहार परेशानी में डालेगा अपनी जिद के कारण स्वयं शारीरिक एवं मानसिक कष्ट भोगेंगी।

मकर- आज का दिन सावधानी से बिताए लोगो को आपकी भले के लिये कही बात भी बुरी लगेगी स्वयं का पराक्रम भी आज कमजोर रहेगा।

कुंभ- आज के दिन आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में श्रेष्ठ दिखाने के चक्कर मे उल्टे हास्य के पात्र बनेंगे।

मीन- आज के दिन आपके ऊपर आवेश हावी रहेगा। बुद्धि विवेक रहने के बाद भी अपनी बात मनवाने के लिये किसी पर भी अनैतिक दवाब डालेंगे।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ए काश तस्वीरें

ए काश तस्वीरें बोलती तो चहकने वालों की तस्वीर मौन न होती। तन्हा तस्वीर बात करती तो बातों के सिरों से कुछ बातें निकलती दुख बहाती सुख बांटती एक काश तस्वीर बोलती तो बातों की चहक से दोस्तों में खुशियों की कली खिलती। एक काश तेरी तस्वीर बोलती।

- नवीन शंकर शर्मा

क्या आप जानते है

क्या आप जानते है कि अपने निजी वाहनों पर पुलिस प्रेस वकील व अन्य पेशे को लिखना अवैध होने के अलावा मानसिक बिमारी का हिस्सा भी है दरअसल... लोगों को लगता है कि ऐसा करने पर उन्हें सम्मानित नजरों से देखा जाएगा... व उनका वाहन रोका नही जाएगा.... साथ ही मोटर व्हीकल नियम तोड़ने पर डिस्काउंट भी मिलेगा।

- कुमार संतोष

खास पाती

कुछ दिनों तक ही शनासाई

कुछ दिनों तक ही शनासाई रही फिर मेरी शब मेरी तन्हाई रही रौनक़-ए-महफ़िल न आई काम कुछ ज़िन्दगी जब खुद से उकताई रही वक्त-ए-रुख़सत खूब ही बरसी मगर आँखों में ग़म की घटा छाई रही धीरे धीरे ज़ख्म आखि़र भर गये बस जरा सूरत ही कजलाई रही चलते चलते खो गये मंजर कहीं आँख जिनकी भी तमन्नाई रही ढल गया सूरज उजाले छीन कर रात के सर बज़्म- आराई रही याद आएगी कहाँ उसको ' सुमन ' इश्क़ में अब वो न गहराई रही। **- चित्रा भारद्वाज**

यहाँ पर कोई बेदम है अभी

यहाँ पर कोई बेदम है,अभी मिलने चले आओ, बहुत मुज़्तर सा आलम है,अभी मिलने चले आओ। अकेले कबतलक छत पे सनम मैं टकटकी बाँधूँ, हसीं है चाँद,पूनम है,अभी मिलने चले आओ। हमारे साथ में तो है ज़माने भर की बन्दिश पर , तुम्हें किस बात का ग़म है,अभी मिलने चले आओ। जुदाई के ये लम्हे ज़िन्दगी का ज़ख़्म हैं जानां, तुम्हारा मिलना मरहम है,अभी मिलने चलने आओ। सनम अपना लहू भरकर दिया दिल का जलायी हूँ, सदा-ए-दिल ये पैहम है,अभी मिलने चले आओ। हमारे बाद पछताओगे तुम क्यों मिल नहीं पाए, 'कमल' अब वक़्त भी कम है,अभी मिलने चले आओ। **- रूबी झा 'कमल'**

गर है सवेरा तो शाम तो होगी

गर है सवेरा तो शाम तो होगी छुप कर होगी मोहब्बत तो बदनाम तो होगी । आवारगी में गुजरेगी जब हर शाम तो होठों पे कश हाथो में शराब तो होगी। गर है आंखों में नमी और चुप्पी होंठो पर तो दिल की जमीं जज्बातों से आबाद तो होगी।

- नमन कुमार मिश्रा

मै जब भी परेशान होती हूं

मै जब भी परेशान होती हूं कभी-कभी तो किसी से कह भी नहीं सकती जानती हूं आज जिसे बताऊंगी कल वो ही हमारे सामने ही हमारा मजाक बना देगा या फिर कहेगा कि इसकी तो रोने की आदत है तो बस मै बैठ जाती हूँ कुछ देर भगवान के चरणों में जो भी मन की हलचल हो कह लेती हूं यकीन मानों परिस्थितियां सामान्य और हमारे अनुकूल हो जाती है भगवान अपनी कृपा बनाये रखना। **- सुनीता पुष्पराज पाण्डेय**

हमने तुम्हें जहाँ समझा पर तुमने ये कहाँ समझा गुमान ही नही

हमने तुम्हें जहाँ समझा पर तुमने ये कहाँ समझा गुमान ही नही तुमको क्या हो तुम एक रात संदल सी एक दिन हरसिंगार सा महकता भीतर मेरे पलाश के मौसम में क्या हो तुम सुबह हो सुहानी सी शाम हो रूमानी सी मंत्रमुग्ध मैं रहूँ प्रेम की गलियों में क्या हो तुम आज हो अभी हो कल हो कल भी थे मैं खोज रही हूं खुद को खो सुधबुध प्रेम में क्या हो तुम भोर का तारा हो शाम की टिमटिमाहट बरसते बादल हो गर्मी की आहट क्या हो तुम। **- नीलीमा शर्मा**

तुमने कहा था न कभी अच्छी लगती हूँ तुम्हें मुस्कुराती हुई और

तुमने कहा था न कभी अच्छी लगती हूँ तुम्हें मुस्कुराती हुई और चमकती हैं मेरी आँखें जब जब मुस्कुराहट परावर्तित हो लौटती है तुम तक,, देख लो मुस्कुराहट बरकरार है अब तक ही तुम्हारी यादों सँग बस फ़र्क़ इतना है अब परावर्तन जल से होता है और आँखें अब भी चमकती हैं।

- शुचि 'भवि'

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1575- भारतीय मुगल बादशाह अकबर ने बंगाली सेना को तुकरोई की लड़ाई में पराजित किया। 1716- राजा राव नंदलाल मंडलोई ने इंदौर शहर की स्थापना की थी। 1812- अमेरिकी कांग्रेस ने पहला विदेशी सहायता बिल पास किया था। 1845- फ्लोरिडा अमेरिका का 28वां राज्य बना था। 1857- चीन और प्रांस-ब्रिटेन के बीच युद्ध हुआ था। 1923- टाइम पत्रिका का पहली बार प्रकाशन हुआ। 1938- सऊदी अरब में कच्चे तेल की खोज हुई थी। 1939- महात्मा गांधी जी ने 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' का प्रारम्भ किया। 1974- तुर्की एयरलाइंस का डीसी10 विमान पेरिस के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया विमान में सवार लगभग सभी लोगों की मौत हो गई। 1983- सातवां गुटनिरपेक्ष सम्मेलन नयी दिल्ली में संपन्न हुआ। 1986- आज ही के दिन ऑस्ट्रेलिया अधिनियम लागू होने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन से पूर्ण रूप से स्वतंत्र हुआ था।

QUIZ TIME

1) किस राज्य में भारत का पहला बाघ आरक्षित हॉट एयर बैलून सफारी शुरू की गई?
2) रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड किस राज्य में दुनिया में सबसे बड़ा चिड़ियाघर बनाएगा?
3) खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है जिसे हाल ही में रामसर स्थल घोषित किया गया है?
4) सिक्किम के बाद किस केन्द्र शासित प्रदेश को भारत को भागीदारी गारंटी प्रणाली के तहत 100 प्रतिशत जैविक केंद्रशासित राज्य घोषित किया गया है?
5) किसने वस्तुतः डिजीबॉक्स नामक भारत का पहला डिजिटल एसेट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म लॉन्च किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मध्यप्रदेश (2) गुजरात (3) गुजरात (4) लद्दाख (5) अमिताभ कांत

प्रेरक प्रसंग

भले ही आप क्षतिग्रस्त हैं, फिर भी आपके पास मूल्य है

एक लोकप्रिय वक्ता ने 20 डॉलर का बिल लेकर सेमिनार की शुरुआत की। उनका भाषण सुनने के लिए 200 लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। उसने पूछा, 'यह 20 डॉलर का बिल किसे पसंद आएगा?'

200 हाथ ऊपर गए। उसने कहा, 'मैं तुममें से किसी एक को यह 20 डॉलर देने जा रहा हूं, लेकिन पहले मुझे यह करने दो।' उसने बिल को ऊपर चढ़ा दिया।

फिर उसने पूछा, 'कौन अब भी इसे चाहता है?' सभी 200 हाथ अभी भी उठे हुए थे।

'ठीक है,' उसने जवाब दिया, 'क्या होगा अगर मैं ऐसा करूं?' फिर उसने बिल को जमीन पर गिरा दिया और अपने जूतों से उस पर वार किया।

उसने उसे उठाया और भीड़ को दिखाया। बिल पूरी तरह से उखड़ा हुआ और गंदा था।

'अब कौन अब भी यह चाहता है?'

सभी हाथ फिर भी उठे।

'मेरे दोस्तों, मैंने अभी आपको एक बहुत ही महत्वपूर्ण सबक दिखाया है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैंने पैसे का क्या किया, फिर भी आप उसे चाहते थे क्योंकि उसका मूल्य कम नहीं हुआ। यह अभी भी .20 के लायक था। हमारे जीवन में कई बार, जीवन हमें कुचल देता है और हमें मिट्टी में मिला देता है। हम खराब निर्णय लेते हैं या खराब परिस्थितियों से निपटते हैं। हम बेकार महसूस करते हैं। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हुआ है या क्या होगा, आप अपना मूल्य कभी नहीं खोएंगे। आप खास हैं - इसे कभी न भूलें!'

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -358

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 357 का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
वा	द	क		र		सं	ब	ल
ड़		ल	ज्जा		म	स्का		य
	बा			बि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

पुरखौती मुक्तांगन में नई साज-सज्जा के साथ बढ़ेगी सुविधाएं

- संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- कलाकारों के ग्रेडेशन करने और प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाए

रायपुर/नवप्रदेश। पुरखौती मुक्तांगन में नई साज-सज्जा कर इसे भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में पर्यटक सुविधाएं बढ़ायी जाए। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक एवं सैलानियों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

संस्कृति मंत्री भगत ने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में आने के लिए पर्यटकों को ऑनलॉइन टिकिट की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा टिकिट काउन्टर की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन में नई साज-सज्जा की जाए। यहां प्रवेश द्वारा को और अधिक भव्य और आकर्षक बनाया जाए। यहां पार्किंग-स्पेस को भी बढ़ाया जाए।

चिन्हारी योजना की समीक्षा में उन्होंने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कलाकारों का पंजीयन, वरिष्ठता व राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए कार्यक्रमों के आधार पर उनका ग्रेडेशन करने और

कलाकारों की प्रोत्साहन राशि बढ़ाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलाकारों के पंजीयन, चिकित्सा सुविधा, पेंशन संबंधी प्रकरणों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

संस्कृति मंत्री भगत ने बैठक में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परम्परा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन केन्द्रों तथा सूचना केन्दों में आदिम कला संस्कृति व राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की ब्रोशर, पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। मंत्री भगत ने गढ़ कलेवा की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 33 जिलों में से 16 जिलों में गढ़ कलेवा का संचालन किया जा रहा है। शेष जिलों में भी इस वर्ष गढ़ कलेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। इस मौके पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संचालक विवेक आचार्य सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता पर कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आज महिला सुरक्षा एवं पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है ।

महिला एवं बाल विकास मंत्री आनिला भेड़िया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस दौरान संसदीय सचिव रश्मि सिंह, संजारी बालोद विधयक संगीता सिन्हा, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, पंडरिया विधायक

ममता चन्द्राकर, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की सदस्य आशा यादव भी उपस्थित हैं।

कार्यक्रम में कराटे एक्सपर्ट हर्षा साहू ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये। सत्य साई हॉस्पिटल की डॉक्टर श्रुति प्रभु और यूनिसेफ की डॉक्टर अपर्णा देशपांडे ने किशोरी बालिका एवं स्वास्थ्य और पोषण पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर एक्सपर्ट मोनाली गुहा ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताते हुए छात्र छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया। साथ ही छात्राओं का रक्त और बी एम आई परीक्षण भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग की संचालक दिव्या मिश्रा, कलाकार अनुज शर्मा, विभागीय अधिकारी और विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

नई गाड़ी का टेम्परररी रजिस्ट्रेशन अब 6 माह के लिए

- टीआर 6 माह के लिए जारी करेंगे गाड़ी विक्रेता अधिकृत डीलर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा ट्रांसपोर्टर और डीलरों के माँग पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है । इसके तहत परिवहन विभाग द्वारा परिवहन सुविधाओं को लगातार ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है । इसी कड़ी में नये ख़रीदे जाने वाले गाड़ी के टेम्परारी रजिस्ट्रेशन आवेदन भी अब गाड़ी ख़रीदने समय गाड़ी विक्रेता डीलर के द्वारा किया जा सकेगा।

पूर्व में टीआर रजिस्ट्रेशन की वैलिडिटी एक माह की होती थी जिस समय सीमा के अंदर वाहन क्रेता को अन्य ज़िले अथवा अन्य राज्य में जाकर गाड़ी का स्थायी रजिस्ट्रेशन कराना होता था । कई बार इस सीमां में स्थायी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है जिससे की वाहन क्रेता को पेनाल्टी लग जाता है। इस समस्या का समाधान करने परिवहन विभाग ने टेम्परारी रजिस्ट्रेशन की वैधता अब बढ़ाकर 6 माह कर दी है।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) के द्वार टीआर की वैलिडिटी बढ़ाने की माँग पिछले की जा रही थी। इस संबंध में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के द्वारा परिवहन मंत्री मिलकर माँग किया गया था । जिस पर परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा कार्यवाही करने का आस्वासन दिया गया था।

ज्ञात हो कि परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के अन्तर्गत आरटीओ के विभिन्न सुविधाओं को वाहन स्वामी के घर के पास प्रदान करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। परिवहन मंत्री की मंशा है कि गाड़ी के कार्य हेतु लोगो को कम से कम परिवहन कार्यालय आना पड़े। इससे लोगो को घर में सुविधा मिलेगी और उनके समय का बचत होगा, साथ ही साथ आरटीओ ऑफ़िस में भी भीड़ में कमी आयेगी जिससे परिवहन अमले के कार्य प्रणाली और गुणवत्ता में सुधार आएगी ।

क्या होता है टेम्परारी रजिस्ट्रेशन

यदि आप किसी और ज़िले से नई गाड़ी ख़रीद रहे है तो आपको डीलर टेम्परारी रजिस्ट्रेशन कर के देता है जिसे अपने ज़िले के आरटीओ में जमा कर स्थायी रजिस्ट्रेशन नंबर लिया जाना होता है। इसी तरह यदि आप राज्य से नई गाड़ी ख़रीद कर लाते है या छत्तीसगढ़ से नई गाड़ी ख़रीद कर किसी और राज्य में ले जाते है तो आपको टेम्परारी रजिस्ट्रेशन करा कर गाड़ी ले जानी होती है।

इसी तरह कमर्शियल गाड़ी क्रेता बस या ट्रक बनाने के लिए कई बार सिर्फ़ चेसिस ख़रीदते है और बाद उसने बॉडी बनायी जाती है। चेसिस वाली गाड़ी टेम्परारी रजिस्ट्रेशन होता है और बॉडी बनने बाद उनका निरीक्षण कर स्थायी रजिस्ट्रेशन होता है । कई बार चेसिस वाली गाड़ी में बॉडी बनने विलंब हो जाता है ऐसे स्थिति में ट्रांसपोर्टर को पैनल्टी लग जाती है । अब टेम्परारी रजिस्ट्रेशन को वैलिडिटी 6 माह हो जाने से ट्रांसपोर्टर बड़ी राहत मिलेगी।

रायपुर से तीन प्रतिभागी सीनियर नेशनल ऑर्बिटर की प्रावीण्य सूची में

रायपुर/नवप्रदेश। मुंबई में दो दिवसीय सीनियर नेशनल ऑर्बिटर कार्यशाला एवं परीक्षा का आयोजन विगत दिनों अखिल भारतीय शतरंज संघ एवं इंडियन चेस स्कूल के द्वारा किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 40 प्रतिभागियों को चुना गया, जिसमें छत्तीसगढ़ से 4 प्रतिभागी शामिल हुए. इनमें रायपुर जिला शतरंज संघ के सदस्यों एवं टीम चेस सिटी रायपुर के सह संस्थापक शुभम बसोने एवं हर्ष शर्मा तथा अनूप कुमार झा ने प्रावीण्य सूची में ग्रेड के अंतर्गत क्रमशः तीसरा, पांचवां एवं आठवाँ स्थान प्राप्त कर रायपुर जिले के साथ साथ प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया . छत्तीसगढ़ के चौथे प्रतिभागी मोहम्मद अयाज़ चामडिया ने भी चौथे स्थान पर आते हुए ग्रेड ए से परीक्षा उत्तीर्ण की है.

सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का कार्य संपूर्ण देश में आयोजित होने वाली विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभाना होता है, तथा इनके निर्णय एवं कार्य प्रत्यक्ष रूप से शतरंज के विकास में प्रभावी होते हैं . कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक श्री स्वप्निल बंसोड़ के द्वारा शतरंज के विभिन्न नियमों एवं विनियमों की जानकारी प्रतिभागियों को दी गयी एवं अंत में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें ग्रेड एवं अर्जित करने वाले प्रतिभागियों को ही सीनियर नेशनल ऑर्बिटर का टाइटल दिया गया . रायपुर जिला शतरंज संघ के सचिव श्री नवीन शुक्ला जी ने इनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में जिला शतरंज संघ के द्वारा पूर्णतः सहयोग का आश्वासन दिया . इनकी इस उपलब्धि पर टीम चेस सिटी रायपुर के फाउंडर विनेश दौलतानी और अभी चेस क्लब के अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने भी बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है.

मुख्यमंत्री के निर्देश पर तेजी से जारी है सड़कों का डामरीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में नई सड़कों का निर्माण और अन्य सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत का कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनहित के लिए सड़कों के डामरीकरण के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं ताकि जनता को सुगम यातायात की सहूलियत मिल सके।

इसी कड़ी में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लोगों की सुविधा को देखते हुए सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि पूजन विधायक एवं

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के द्वारा किया गया. इसमें चांदनी चौक कोटा शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्रमांक 23 में 46.36 लाख रूपए की लागत से तथा पं.ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र.22 पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रेलवे बुकिंग काउंटर के सामने 46.36 लाख रूपए की लागत से डामरीकरण का कार्य शामिल है।

रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक एवं संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा है कि क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं ताकि लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ ही सुगम यातायात के लिए अच्छी सड़कें मिल सकें।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का कार्यालय नवा रायपुर के सेक्टर-19 स्थित स्वास्थ्य भवन में स्थानांतरित

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का कार्यालय नवा रायपुर के सेक्टर-27 से स्थानांतरित होकर नवा रायपुर के सेक्टर-19 स्थित नवनिर्मित स्वास्थ्य भवन में आ गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यालय का संचालन आज से स्वास्थ्य भवन में शुरू हो गया है। मिशन संचालक भोसकर विलास संदिपान ने आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नए कार्यालय का उद्घाटन किया।

प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मुख्यालय का नया पता अब स्वास्थ्य भवन, तृतीय तल, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-

19, नवा रायपुर होगा। पूर्व में मिशन का कार्यालय साउथ-ईस्ट कार्नर, हाऊसिंग बोर्ड भवन, चतुर्थ तल, सेक्टर-27, नवा रायपुर में संचालित हो रहा था।

क्षेत्रीय राजवंशों पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी तीन दिवसीय आयोजन आज से

रायपुर/नवप्रदेश। पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग द्वारा 'छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय राजवंश पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन कल 03 मार्च से प्रारंभ होगा। यह आयोजन 05 मार्च तक चलेगा। शोध-संगोष्ठी राजधानी रायपुर स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय सभागार में आयोजित की जा रही है।

पुरात्व एवं अभिलेखागार विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के क्षेत्रीय राजवंशों से संबंधित उपलब्ध स्त्रोतों के शोध अध्ययन द्वारा तत्कालीन इतिहास के विभिन्न पक्षों को प्रकाश में लाने और क्षेत्रीय इतिहास लेखन की समस्याओं पर विमर्श करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय राजवंशों से संबंधित विभिन्न पहलूओं, जैसे उनके वंशावलियों व कालक्रम पर नवीन प्रकाश, सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक इतिहास पर विमर्श किया जाएगा।

मुख्यमंत्री से सोलो साइकलिस्ट आशा मालवीय ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में सोलो साइकलिस्ट आशा मालवीय ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को आशा मालवीय ने बताया कि वे महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश लेकर संपूर्ण भारत की सायकल यात्रा पर निकली हैं।

आशा मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में ग्राम नाटाराम से हैं। उन्होंने यह यात्रा भोपाल से विगत 1 नवंबर को शुरू की है और देश की राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त को इसका समापन करने वाली हैं। इस दौरान वे भारत के 28 राज्यों में लगभग 25 हजार किलोमीटर की यात्रा करेंगी। अभी तक वे 9 राज्यो में 9600 किलोमीटर दूरी तय कर चुकी हैं, छत्तीसगढ़ दसवां राज्य है। मुख्यमंत्री ने सोलो साइकलिस्ट आशा के जज्बे की सराहना की। उन्होंने उनसे अभी तक यात्रा के अनुभव के बारे में जाना और आगामी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। आशा ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि यात्रा में उन्हें छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए किये जा रहे कार्यों को जानने का भी मौका मिला। राज्य में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है।

रीपा में उद्यमी बन रहीं बस्तर की महिलाएं

- महिलाएं कोकून से रेशम धागा तैयार कर अर्जित कर रही हैं अच्छी आमदनी

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए शुरू की गई रीपा यानी कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में महिलाओं को अच्छा एक्सपोजर मिल रहा है। उन्हें यहां कई तरीके की आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। बस्तर जिले की महिलाएं भी सफल उद्यमी होने का गुर सीख रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बस्तर के तुरेनार में बना यह पूरे देश का पहला ग्रामीण औद्योगिक पार्क है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहले चरण में प्रदेश के सभी विकासखण्डों में दो-दो ग्रामीण औद्योगिक पार्क तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें तुरेनार में प्रदेश का सबसे पहला रीपा बनकर तैयार हो गया है, जो प्रदेश का सबसे बड़ा रीपा भी है।

बस्तर के तुरेनार में 5 एकड़ में ग्रामीण औद्योगिक पार्क 'रीपा' की स्थापना की गई है। जहां महिलाएं सफल उद्यमी बनने की राह पर निकल पड़ी हैं। वहां रेशम धागाकरण समिति की महिलाओं ने कोकून से रेशम धागा तैयार करने का काम शुरू किया है। ये महिलाएं घर का काम-काज निपटाकर रीपा आती हैं और धागा बनाने के काम में जुट जाती हैं।

पहल | छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने विशेष पहल

शीघ्र लागू होगी 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'

- मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़वा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में ''मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना'' लागू किये जाने की घोषणा उपरान्त छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की क्रियान्वयन की तैयारी में वन विभाग जुट गया है और तैयारियां जोरो पर है। वन विभाग द्वारा अब तक 16 हजार से अधिक हितग्राहियो के लगभग 30 हजार एकड़ निजी भूमि में वृक्षारोपण हेतु पंजीयन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यवसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभानाओं को देखते हुए इस योजना को लागू किए जाने की घोषणा की है। इस

योजनांतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति पर उनके भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है।

मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य : मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। राज्य शासन द्वारा 1 वर्ष में 36 हजार एकड़ तथा 5 वर्षो में 1 लाख 80 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुल 15 करोड़ वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।इस योजनांतर्गत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा। 5 वर्षो में रोपित सभी प्रजातियो के वृक्ष परिपक्व होने पर उनका मूल्य 10 हजार करोड़ रुपये होने की सम्भावना है। इस योजना से किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 15 हजार से 50 हजार तक आय सम्भावित है। इसके अतिरिक्त कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी किसानों को अतिरिक्त आय होगी।

राज्य में इस वर्ष 12 प्रजाति के वृक्षों का 30 हजार एकड़ रकबे में होगा रोपण

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत राज्य में इस वर्ष 12 प्रकार के प्रजाति के वृक्ष का 30 हजार एकड़ रकबे में रोपण किया जाएगा। इनमें से क्लोनल यूकलिप्टस का 17 हजार 182 एकड़ में, रूटशूट टीक का 6 हजार 456 एकड़ में, टिश्यू कल्चर का 2 हजार 617 एकड़ में, चंदन का 1 हजार 462 एकड़ में, मेलिया दुबिया का 8 सौ 34 एकड़ में, सामान्य बांस का 7 सौ 37 एकड़ में, टिश्यू कल्चर बम्बू का 6 सौ 7 एकड़ में, रक्त चंदन का 1 सौ 26 एकड़ में, आमला का 43 एकड़ में, खमार का 40 एकड़ में, शीशम का 20 एकड़ में तथा महानीम का 20 एकड़ रकबे में लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

सुकमा के बाद दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के युवा मोर्चा जिला प्रभारी बने गागड़ा

बीजापुर/नवप्रदेश। छग भजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की सहमति से युवा मोर्चा संभाग और जिला प्रभारियों की नियुक्ति की गई जिसमे भाजयुमो नेता फूलचंद गागड़ा को सुकमा के बाद दंतेवाड़ा का प्रभारी बनाया गया है। फूलचंद गागड़ा छात्र जीवन से राजनीति से जुड़कर छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद में लम्बे समय तक कार्य किया है जिसके बाद भाजयुमो में पहली बार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और सुकमा जिले का जिला प्रभारी बनाया गया।

वहीं अब लगातार दूसरी बार जिला प्रभारी की जिम्मेदारी देते हुए दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा में अधिकतर संगठन की जानकारी रखने वालों को प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी जाती है वहीं फूलचंद गागड़ा को विद्यार्थी परिषद में कार्य करने का अनुभव है जिसका फायदा गागड़ा को मिला और प्रभारी बनाया गया है। सुकमा जिले के बाद लगातार दूसरी बार अब दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा भाजयुमो प्रभारी की जिमेदारी संभालेंगे।

गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला निर्माण समिति की समीक्षा बैठक लेते हुऐ निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों को समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने एवं गुणवतायुक्त निर्माण कराने के सख्त निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए निर्माण कार्यों के अन्तर्गत स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष अद्योसंरचना, फिनीशिंग वर्क को आगामी शिक्षा सत्र से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने को कहा, जिला मुख्यालय में निर्माणधीन पुस्तकालय, कुटरू में मिनी स्टैडियम, गारमेंट फैक्ट्री सहित विभिन्न निर्माणधीन भवन, अद्योसंरचना निर्माण के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने एवं शासन के निर्देशानुसार गौठानों में गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट से शासकीय भवनों की पोताई कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार प्रेमी सहित निर्माण एजेंसी, इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कल ज्ञापन सौंपा

नगरी/नवप्रदेश। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई नगरी की आवश्यक बैठक मैं निर्णय लिया गया। बीआरसी कार्यालय नगरी से रैली निकाल कर एसडीएम महोदया को ज्ञापन सौंपा जाना है। सभी साथियों को सूचित किया जाता है कि 3 .00 बजे आप सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देवें।18 मार्च 2023 को रायपुर धरना प्रदर्शन के लिए प्रत्येक संगठन से रायपुर के लिए कुच किया जाएगा। आज के बैठक में डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉक संयोजक, महेंद्र कुमार बोरझा कोषाध्यक्ष, जीके जायसवाल सचिव, दिनेश कुमार साहू जिलाध्यक्ष , सुरेन्द्र नेताम महासचिव, प्रवक्ता मिडिया प्रभारी के.पी. साहू, तरुण कुमार साहू उपाध्यक्ष, कुलेश कुंजाम,योगेश कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, संजय रेड्डी, सुरेन्द्र लोनहारे सह सचिव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सदस्यगण उपस्थित थे।

आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु आयोजित होंगे कैम्प

कोरिया/नवप्रदेश। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जिले में समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत बनाया जाना है। आपके द्वार आयुष्मान अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत कैम्प आयोजित कर आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा। यह राज्य शासन की एक अत्यंत महत्वकांक्षी हितग्राही मूलक योजना है। जिसके तहत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा एवं योजनांतर्गत पंजीबद्ध शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क ईलाज हेतु स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाती है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आधार कार्ड अनिवार्य रूप से अपडेट कराया जाना है जैसे फिंगरप्रिंट एंव मोबाइल नम्बर, राज्य से प्राप्त निर्देशानुसार ग्राम, वार्ड एवं मिडिल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में च्वाईस सेंटर के व्ही.एल.ई द्वारा शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड का पंजीयन किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरिया एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी ग्राम एवं वार्डो में मुनादी, प्रचार-प्रसार कर सचिव, रोजगार सहायक एवं नगरीय क्षेत्र में वार्ड के कर्मचारी, स्थानीय च्वाईस सेंटर के व्हीएलई से समन्वय स्थापित कर ग्राम, वार्ड के छूटे हुए समस्त पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड 31 मार्च 2023 तक अनिवार्य रूप से बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

आयुष्मान कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज

आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु हितग्राही को अपने साथ राशन कार्ड और आधार कार्ड लाना होगा। साथ ही मोबाइल नंबर भी देना होगा।

कलेक्टर ने दसवीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा के प्रथम दिवस परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बलरामपुर व हायर सेकेण्डरी स्कूल महाराजगंज तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल डौरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में सभी परीक्षार्थियों के लिए बैंच डेस्क की व्यवस्था सहित कक्षों में बैंठक, प्रकाश, पंखें आदि की सुविधा का अवलोकन कर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र में बालक व बालिका की संख्या के अनुरूप कक्ष पर्यवेक्षकों की अनुपातिक संख्या की जानकारी ली, तथा परीक्षार्थियों के लिए पेयजल व शौचालय की जानकारी लेते हुए पूरे परिसर को स्वच्छ रखने के संबंध में निर्देशित किया साथ ही परीक्षा केन्द्रों में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने केन्द्राध्यक्षों से थाने से गोपनीय सामग्री को समय पर लाने और सीलबंद उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को जमा करने के निर्देश दिये।

गौरतलब है कि जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं-बारहवीं के बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर दयाराम के. के निर्देशन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है जिनके द्वारा सतत् रूप से परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के.एल. महिलांगे, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर भरत कौशिक उपस्थित रहे।

सभी संरचनाओं को समय-सीमा में पूरा कराएं : कलेक्टर

■ ग्रामीण विकास अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा, गोधन न्याय योजना सहित रीपा की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरिया/नवप्रदेश। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के लिए आवश्यक संरचनाओं का निर्माण आगामी 31 मार्च के पहले तक पूरा कराएं। इसके साथ ही जिन आजीविका गतिविधियों को वर्तमान संरचनाओं की उपलब्धता के आधार पर प्रारंभ किया जा सकता है, उसे जल्द शुरू कराएं। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किए। गुरूवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में अमृत सरोवर मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, गोधन न्याय योजना, ग्रामीण औद्योगिक पार्क बनाए जाने की प्रगति पर समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान जिला पंचायत सीइओ नम्रता जैन भी उपस्थित रही। समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा कि जिले में स्वीकृत अमृत सरोवर मिशन के तहत तालाबों के कार्य पूर्णता पर विशेष ध्यान देकर कार्य पूर्ण कराएं। उन्होने नवीन तालाबों के निर्माण में ज्यादा श्रमिकों को नियोजित कर अमृत सरोवर के प्रत्येक कार्य को आगामी माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। अमृत सरोवरों को जलसंचय के साथ सुंदर व आकर्षक बनाए जाने के लिए सरोवरों के तट पर पिचिंग और पौधारोपण जैसे कार्य लेने के निर्देश दिए। लक्ष्य के अनुरूप मनरेगा के मानक बिंदुओं पर जिले की अच्छी प्रगति पर मनरेगा टीम को प्रोत्साहित करते हुए उन्होने महिला मानव दिवस का सृजन, वनाधिकार पत्रकधारियों के आजीविका विकास कार्यों तथा कार्य पूर्णता प्रतिशत, ऑनलाइन मस्टरोल इंट्री, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, आंगनबाड़ी व ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निर्माण कार्य पर ध्यान केंद्रित कर कार्य करने के निर्देश दिए। बीते वर्षो में स्वीकृत हुए मनरेगा के सभी कार्यों की पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किए जाने के और तकनीकी सहायकों को प्रतिदिन अपने अधीनस्थ रोजगार सहायकों से संपर्क कर जॉब कार्ड के अनुसार रोजगार का सृजन करने के निर्देश दिए। आगामी ग्राम विकास योजना में सभी विभागीय योजनाओं के समन्वय से वनाधिकार पत्रकधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी आजीविका में सुधार हेतु समेकित कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

नरवा विकास की समीक्षा करते हुए कलेक्टर लंगेह ने आदर्श नरवा मिशन के सभी कार्यो को आगामी माह में पूरा कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण के लिए ऐसी संरचनाओं का निर्माण करें जिसे मानक के तौर पर दिखाया जा सके। वैली एप्रोच में आवश्यकता के अनुरूप पक्की संरचनाओं के कार्य प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देष देते हुए उन्होने कहा कि प्रत्येक नरवा के जल संरक्षण कार्य के साथ भूमि संरक्षण का भी कार्य विशेष प्राथमिकता से पूरा कराएं। सभी एसडीओ आरइएस को नरवा कार्य के लिए निर्देशित करते हुए उन्होने कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में तकनीकी सहायकों के साथ उनके भी कार्यों की प्रगति का जनपद वार आंकलन किया जाएगा। कलेक्टर कोरिया ने बैकुण्ठपुर के तकनीकी सहायकों को मानक बिंदुओं पर लक्ष्य से पीछे रहने पर अंतिम अवसर देते हुए जल्द से जल्द स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत प्रतिदिन गोबर खरीदी करते हुए वर्मी कंपोस्ट निर्माण को कम से कम 40 प्रतिशत रखने के निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि जिन ग्राम गौठानों में वर्मी बन चुका है, वहां से सहकारी साख समितियों के माध्यम से उठाव भी कराएं। बैठक में कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित सभी एसडीओ, बैकुण्ठपुर, सोनहत के जनपद पंचायत सीइओ तथा कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सभी तकनीकी सहायक और जिला पंचायत के योजनाओं से संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

योगेश मरकाम गांव के युवक 28 राज्यों का भम्रण कर आए

■ छत्तीसगढ़ के युवक ने 11 महीने में साईकिल से किया भारत भ्रमण

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के अंतिम छोर बारे गांव लिखमा के निवासी योगेश मरकाम वर्ष 23 पिछले साल उसने भारत भ्रमण सायकल से निकले और उसने 28 राज्य का भ्रमण कर आया सिहावा क्षेत्र का एक आदिवासी अंचल का एक बालक जो कि उड़ीसा बॉर्डर पर लगे ग्राम लिखना का निवासी है योगेश मरकाम उम्र 23 साल लिखमा बोराई पढ़ाई 12 वी की है एक किसान परिवार का बेटा पिताजी चेतराम मरकाम जो कि एक किसान है मां अनीता बाई मरकाम जो कि एक गृहणी है परिवार में दो छोटी बहन है गीतेशवरी मरकाम खोमेश्वरी मरकाम है।

योगेश साइकिल से यात्रा कर भारत भ्रमण किया है एक इतिहास छत्तीसगढ़ के लिए लिख दिया है 26 मार्च 2022 से यात्रा की शुरुआत की आज दिनांक 1 मार्च को नगरी सिहावा लगभग 1700किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचा है इन्होंने 28 राज्यों का भ्रमण किया है जिसमें से प्रमुख तेलगाना आंध्र प्रदेश तमिलनाडु केरला कर्नाटका गोवा महाराष्ट्र गुजरात राजस्थान हरियाणा पंजाब जम्मू-कश्मीर उत्तराखंड उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश बिहार वेस्ट बंगाल आसाम अरुणाचल प्रदेश नागालैंड मणिपुर मिजोरम त्रिपुरा मेघालय सिक्किम झारखंड उड़ीसा होते हुए रायपुर पहुंचा है रायपुर से आज उन्होंने अपने ग्राम की ओर रास्ते में जाते हुए नगरी मंगलवार जहां उनका भव्य स्वागत को फूल माला पहनाकर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम जिला पंचायत सदस्य मनोज साझी एल्डर मेन भरत निर्मलकर जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम अशोक संचेती अनित धुव अंकुशदेवांगन साथ समस्त ग्राम नगरवासियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ उसका स्वागत किया और उसके साथ तस्वीरें भी ली। साईकिल में पूरे भारत में जाने वाले इस लड़के का नाम है, योगेश मरकाम वह नगरी ब्लॉक के लिखमा गांव का रहने वाला है। योगेश बताते हैं वह बताया कि मैं होटल मैनेजमेंट का काम कर रहा था काम करते करते परेशान हो गया था मगर मेरे दिमाग में छत्तीसगढ़ कोई व्यवित सायकल भ्रमण करने नाम किसी का नही है कहां मै अपने अंकल्प लेकर साइकल मे निकल गया और मेप के माध्यम से और पूरे राज्य का भ्रमण किया और उसने बताया असम में करीब 3 महीने तक रहा है अच्छा लोगों सहयोग मिला किसी प्रकार का कही परेशानी नहीं हुआ वह कहा कि 22 मार्च 2022 को सिहावा में स्थित कर्णेश्वर धाम से भारत भ्रमण के लिए निकले थे। इस दौरान वे 17000 कि.मी साईकिल चलाकर देश के 28 राज्यों में गए और छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थल के बारे में बताने के साथ-साथ अपने आस-पास सफाई रखने का सन्देश दिया। योगेश कहते है यह सफ़र आसन बिलकुल भी नहीं था, लेकिन जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है।, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए सच्चा दृढ़संकल्प लेते हैं।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 7 वारिसों को 24 लाख 50 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

बीजापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों में 6 पीड़ितों को 4-4 लाख रूपए कुल 24 लाख एवं 1 को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृत दी गई है। जिसके अर्न्तगत सर्पदंश से मृत्यु के 3 प्रकरण में मृतक मैनो ओयाम के निकटतम वारिस उनके पिता हिरमा ओयाम ग्राम झिल्ली तहसील भैरमगढ़, मृतक रमेश यादव निकटतम वारिस उनके पिता जितरू यादव ग्राम आदेड़ तहसील बीजापुर एवं मृतिका प्रेमबती अटामी निकटतम वारिस उनके पिता गागरू अटामी ग्राम स्कूल पारा कोशलनार तहसील भैरमगढ़ को प्रत्यके को 4-4 लाख स्वीकृत किया गया है। इसी तरह पानी में डुबने से मृत्यु के 4 प्रकरण में मृतक रमेश हेमला निकटतम वारिस उनके पिता ऐर्रा ग्राम आदेड़ तहसील बीजापुर, मृतक दिलीप बेलगाया निकटतम वारिस उनकी पत्नि महादई बेलगाया ग्राम ईटपाल तहसील बीजापुर, मृतिका निशा चौधरी निकटतम वारिस उनके पिता चन्द्रशेखर चौधरी ग्राम एवं तहसील कुटरू को 4-4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह नाले के पानी में डुबने से मृतक वंजा लेकाम निकटतम वारिस उनके पुत्र डोली लेकाम ग्राम उसकापटनम तहसील कुटरू को 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

पैसे के लेनदेन को लेकर कांग्रेस की अंतर्कलह नगरीय विकास में बाधक : महेश गागड़ा

बीजापुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की सरकार जब से सत्ता में आई पुरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है इस क्रम में पंचायत से लेकर नगरीय क्षेत्र में पैसे की लेनदारी के बीच सरकारी मापदंड अंतिम सांसे ले रही है,बीजापुर पालिका में पैसे की लेनदेन को लेकर कांग्रेस की अंतर्कलह जगजाहिर है किस प्रकार व्यापरियों से लाखों रुपये अवैध तरीके से लिया गया अब यही कृत्य नगर की विकास में बाधक बन गई है उक्त वक्तव्य भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने दी है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने बीजापुर नगर पालिका में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स नीलामी में पैसे का लेनदेन कर व्यापारियों को गुमराह करने का आरोप विधायक और कांग्रेस नेताओं पर लगाया है।

साथ ही इस घटनाक्रम का जिम्मेदार स्थानीय विधायक को ठहराते हुए कहा है यह तमाम भ्रष्टाचार का जड़ विधायक बंगला से जुड़ा हुआ है। गागड़ा ने आगे बताया कि नगर में विकास से ज्यादा भ्रष्टाचार का चर्चा आये दिन देखने सुनने को मिल रहा है, नगर में कांग्रेस नेता शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को नियमों के विरुद्ध में सांठगांठ कर बेच रहे हैं समय आने पर कार्यवाही किया जाएगा।

गागड़ा ने बताया है कि नए बस स्टैंड में बनने वाली शॉपिंग कांप्लेक्स की नीलामी के लिए सैकड़ो छोटे बड़े व्यापारियों से लाखों रुपये का लेनदारी विधायक गुट और पालिका अध्यक्ष गुट ने लिया है इसलिए नीलामी दौरान टकराव की स्तिथि बनी। कांग्रेस की अंतर्कलह से नगर का विकास में बाधा है जिसका सीधा नुकसान नगरवासियों को हो रहा है,कांग्रेस नेता और अधिकारी सिर्फ पैसे लेनदारी को सर्वोपरि समझते हैं, कांग्रेस नेता और अधिकारी नियमों को दरकिनार कर नीलामी के फेर में हैं हम ऐसा कतई होने नही देंगे। साथ ही गागड़ा ने कहा है व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार का ज्यादती होगी तो भाजपा सड़क पर उतरेगी।

जगदलपुर के बाद बीजापुर में दहाड़े अमित जोगी

■ बीजापुर में मची है लूट, कमीशन में नहीं पार्टनरशीप में हो रहा भ्रष्टाचार - अमित

बीजापुर/नवप्रदेश। छग की एकमात्र मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छग जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी इन दिनों बस्तर दौरे में है। इस दौरान उन्होंने कल जगदलपुर के हजारों लोगों के साथ बस्तर कलेक्टर घेराव में शामिल हुए और आज बीजापुर पहुंचे और जमकर दहाड़े। जोगी कांग्रेस ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से बीजापुर कलेक्टर घेराव किया, पुलिस के द्वारा बेरीकेट्स को तोड़कर जोगी कांग्रेसी कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस दौरान अमित जोगी ने प्रदेश सरकार पर आरोपी की झड़ी लगा लगाते हुए स्थानीय विधायक और ठेकेदार को जमकर घेरा। अमित जोगी ने कहा भूपेश है तो भरोसा है का नारा सफेद झूठ है। वास्तव में भूपेश है तो धोखा ही धोखा है।

भूपेश बघेल की सरकार ने बेरोजगारी भत्ता के नाम पर बेरोजगारों को धोखा दिया, पेंशन के नाम पर बुजुर्गों को धोखा दिया, आवास के नाम पर बेघरों को धोखा दिया, शराबबंदी के नाम पर महिलाओं को धोखा दिया। उन्होंने ने स्थानीय विधायक को घेरते हुए कहा बीजापुर में लूट मची है, यहां पर कमीशन में नहीं पार्टनरशीप में भ्रष्टाचार हो रहा है।

डीएमएफफंड 700 करोड़ का बंदरबांट किया गया है

यहां एक एक ठेकेदार रेड्डी को लाभ पहुंचाया जा रहा है। कमीशन खोर भ्रष्टाचारी खूब मलाई खा रहे है और बस्तर वासियों को पेज भी नसीब हो रहा है। बस्तरवासी पलायन कर रहे है इस सरकार में कोई भरोसा नहीं रहा गया। उन्होंने ने भूपेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा एक वरिष्ठ मंत्री का नियमितीकरण नहीं हुआ तो कर्मचारियों का कैसे होगा नियमितीकरण।

अमित जोगी ने कहा स्व

पिनकोंडा के हाट-बाजार में लगा जनसंपर्क विभाग का सूचना शिविर

बीजापुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग बीजापुर द्वारा जिले के विभिन्न ब्लाक मुख्यालय के हाट-बाजारों में राज्य शासन के चार वर्ष की उपलब्धि एवं महत्वपूर्ण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जिला जनसंपर्क कार्यालय के टीम द्वारा लोगों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित कर योजनाओं से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार ब्रोसर, पाम्पलेट, मासिक पत्रिका, जनमन का वितरण किया जा रहा है। भैरमगढ़ ब्लाक के हाट-बाजार पिनकोंडा में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सूचना शिविर का लाभ उठाया और शासकीय योजनाओं के प्रति लोगों का उत्साह भी देखने को मिला। पिनकोंडा निवासी मोती राम मंडावी, तालनार निवासी सुशीला पुनेम, संगीता हपका और रोजे कड़ती ने कहा कि एक ही जगह सभी विभाग के योजनाओं की जानकारी मिलना बहुत ही लाभप्रद है। लोग अपनी-अपनी पात्रतानुसार योजनाओं की जानकारी लेकर लाभान्वित हो सकते है। सूचना शिविर से हमें बहुत से योजनाओं की जानकारी मिली है।

वेतन विसंगति की मांग को लेकर सहायक/समग्र शिक्षकों की एक दिवसीय न्याय पदयात्रा

■ मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

बीजापुर/नवप्रदेश। छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर वेतन विसंगति दूर करने की मांग को लेकर बीजापुर जिले के लगभग 1000 की संख्या में सहायक/समग्र शिक्षकों ने हाथों में तख्ती लिए आज 1 मार्च को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर निकाली न्याय पद यात्रा,मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व न्याय पदयात्रा में पहुँचे फेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन संविलियन समय से ही वेतन विसंगति की मांग को लेकर लगातार संघर्षरत है जिसको लेकर समय-समय पर आश्वासन मिला है।

जिसमे वर्तमान मुख्यमंत्री ने चुनाव से पूर्व वर्ग 3 के साथ धोखा व 1 व 2 को लाभ कहकर 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर क्रमोन्नत वेतनमान का उल्लेख अपने घोषणा पत्र कर वेतन विसंगति दूर करने का आश्वासन दिया था, वही 5 सितंबर 2021को वादा निभाओ रैली कर विधानसभा घेराव के दिन मुख्यमंत्री ने ट्विटर अकाउंट में कमेटी बनाकर 3 माह के भीतर वेतन विसंगति दूर करने की घोषणा की गई थी, इसी तरह अनिश्चित कालीन आंदोलन 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा फेडरेशन के प्रतिनिधि मण्डल से चर्चा कर आप बच्चों की चिंता करो आप लोगों की चिंता मैं करता हूँ कहकर शीघ्र ही मांगो का निराकरण करने का आश्वासन दिया था।

इसके अलावा समय समय पर आंदोलन, ज्ञापन व मुख्यमंत्री व मंत्रियों से चर्चा व समर्थन पत्र के माध्यम से वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई जिसमे सरकार द्वारा वादों को शीघ्र ही पूरा करने का आश्वासन ही मिला है, चूँकि सरकार का अंतिम बजट प्रस्तुत होने वाला है लेकिन आज पर्यन्त तक मांग पूरा नहीं हुआ है। प्रान्त उपाध्यक्ष पुरषोत्तम झाड़ी ने कहा कि 6 फरवरी से ब्लाक स्तरीय अनिश्चित कालीन आंदोलन के स्वरूप को बदलते हुए अब जिला स्तरीय क्रमिक आंदोलन सभी जिलों में किया जा रहा है जिसमे आज 1 मार्च को बीजापुर में धरना प्रदर्शन व न्याय पद यात्रा कर ज्ञापन सौंपा जाना है।

प्रान्तीय संगठन मंत्री महेश शेट्टी ने बताया कि वेतन विसंगति से शिक्षकों को प्रतिमाह 12 से 15 हजार का नुकसान हो रहा है जिससे वेतन विसंगति की खाई बढ़ती जा रही है। रामकृष्ण साहू ने कहा कि विगत 4 वर्षो से वेतन विसंगति के लिए सड़क से लेकर सभी तरह की लड़ाई लड़ चुके है लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नही मिला। यह सरकार हमारी मांगो को लेकर गंभीर नजर नही आ रही है। ऐसे में अगर हमारी मांगो की अनदेखी की जाती है तो आगे उग्र रूप से आंदोलन किया जाएगा। कार्यकारिणी जिला अध्यक्ष रमन झा ने बताया कि धरना प्रदर्शन व न्याय पद यात्रा के कारण जिले के समस्त प्राथमिक शाला एक दिवस के लिए प्रभावित रही वही 10-12 वीं बोर्ड परीक्षा में भी दिक्कते आई।

थोड़ी देर के लिए नेशनल हाइवे में चक्का जाम की स्थिति बन गई थी,जिससे प्रशासन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, कार्यक्रम के अंत मे जिला इकाई बीजापुर द्वारा प्रांत से आए पदाधिकारियों को बस्तर की कलाकृति को भेंट स्वरूप प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश गिरी, इकबाल खान, बाबूलाल गांधरला मोहसिन खान, शांति लाल वर्मा, शेखर अप्पा, कमल नारायण कुंजाम, महेश यालम, शेख आसम, राजन्ना अनाकारी, अनिल झाड़ी, गोपाल कृष्ण पांडे, तौकीर खान व अन्य साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील झाड़ी व आभार प्रकट सुशील हेमला ने किया।

■ न्यूज गैलरी

वृद्धा आश्रम पहुंची शीलू साहू, जाना हाल चाल

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री शीलू साहू रामगढ़ वृद्धा आश्रम पहुंचकर उनकी सुख दुख जानी। उन्होंने उनके साथ जन्म दिन की खुशियां बांटी। इस अवसर पर मां महामाया देवी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि की आशीर्वाद ली। उनके निवास में समर्थकों व कार्यकर्ता बधाई देने पहुंचे। उन्होंने वृद्धाश्रम में भागवत् गीता, सेब, अंगूर, संतरा, बिस्किट और बालगृह के बच्चों को पेन, कापी, शीश, रबर, पेंसिल, पेंसिल बाक्स, शीश कटर व खिलौने बैटबाल वितरण की।

सीएम बॉडी बिल्डिंग में मुकेश गुप्ता बने मिस्टर छत्तीसगढ़

कोरबा/नवप्रदेश। कुम्हारी में हुए प्रथम सीएम छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में कोरबा के मुकेश गुप्ता खिताब जीतकर मिस्टर छत्तीसगढ़ बने। कुम्हारी के दुर्गा मैदान में जय हनुमान व्यामशाला द्वारा प्रथम सीएम छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप झा, सचिव विकास शुक्ला तथा उनकी टीम द्वारा आयोजित उक्त प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए थे। प्रतिभागियों ने अपने शारीरिक शौष्ठव का प्रदर्शन कर खूब तालियां बटोरी। उक्त प्रतिभागियों में कोरबा जिले बालकोनगर निवासी मुकेश गुप्ता भी शामिल हुए थे। जो अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम सीएम ट्रॉफिस विनर बने। उन्हें मिस्टर छत्तीसगढ़ के खिताब से नवाजा गया। मुकेश गुप्ता ने इस जीत का श्रेय अपनी पत्नी निशा गुप्ता को दिया है। मुकेश गुप्ता के मुताबिक उन्होंने 6 वीं बार मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब हासिल किया है। मुकेश ने बताया कि कॉम्पिटिशन काफी मुशिकल थाए अपनी पूरी मेहनत लगाने के बाद 6वी बार मिस्टर छत्तीसगढ़ बन पाए है। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी के संबंध में कहा कि आज के युवा शारीरिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण है गलत दिनचर्या और नशा। युवाओ को अपने शरीर का रखना रखना चाहिए और बुरी आदतों को छोड़ खेल-कूद, योगाभ्यास या जिम में थोड़ी मेहना करनी चाहिए। नशे से दूर रहने पर शारीरिक रूप से युवा मजबूत होंगे।

14 कॉलेजों के किकबाक्सरों ने लिया हिस्सा

कोरबा/नवप्रदेश। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के मार्गदर्शन में अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर व गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कोरबा के तत्वावधान में इंटर कॉलेज किक बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन सीएमए किक बाक्सिंग एकेडमी में किया गया। पीजी कॉलेज के वरिष्ठ खेल अधिकारी डॉ.बीएस राव ने बताया कि प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी से संबंधित कोरबा व बिलासपुर जिले के 14 कॉलेजों के किक बाक्सिंग खिलाड़ी, कोचे व मैनेजर ने हिस्सा लिया। चयनित खिलाड़ी वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। किक बाक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा व महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में किक बाक्सिंग के पाइंट फइटिंग, किक लाइट, फूल कांटेक्ट व लो-किक की महिला-पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गो में कराई गई। चयन समिति में आनिमा तिर्की, गौरी वानखेड़े, सत्येंद्र सिंह और रेफ्री जज ऑफिशियल के रूप में मोहम्मद जुनैद आलम, शानू मेहराज उपस्थित थे। प्रतियोगिता में आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयनित किक बाक्सर्स को कॉलेज की प्राचार्य डॉ.साधना खरे, क्रीड़ा समिति के सदस्य ऋतु सिन्हा, डॉ.संदीप शुक्ला, डॉ.अवंतिका कौशिल, सुशील गुप्ता, शुभम डोरिया, साहनी चौहान व सीएम, किक बॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

बच्चे भटककर हो गए थे गुम सीसीटीवी से खोज निकाला

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा के गेवरा रोड स्टेशन के पास से सुबह लापता हुए बच्चे भटककर दूर चले गए थे। उनके लापता होने की सूचना पर पुलिस ने उन्हें चंद घंटे के भीतर खोज निकाला। कुसमुंडा थाना के गेवरा रोड रेलवे स्टेशन के पास अवधेश कुमार के मकान में चंदन परिवार समेत किराए के मकान में रहता है। उसकी दो पुत्री इशिका 6 व प्रीति 5 बीकन स्कूल में पढ़ते हैं, जो बुधवार को स्कूल से लौटने के बाद घर के पास ही खेल रहे थे। बाद में वहां नहीं दिखे। आसपास पता करने पर वह नहीं मिले। इससे चिंतित परिजन ने खोजबीन की, पर वे नहीं मिले।

सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करें काम : शर्मा

■ अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित

■ अधूरे कामों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण की बैठक आज यहां मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में अरपा नदी के रिवाईवल के लिए स्वीकृत कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा बनाए जा रहे शिवघाट और पचरीघाट बैराज की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पूरी गुणवत्ता के साथ काम जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। श्री शर्मा ने अरपा नदी पर कार्य करने वाले सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अरपा बेसिन के क्षेत्र को मिलेटस की खेती के लिए उपयुक्त बताते हुए अधिकारियों को इसके लिए कार्ययोजना बनाने कहा। बैठक में अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, सदस्य महेश दुबे, नरेन्द्र बोलर, आशा पांडे सहित कलेक्टर सौरभ कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कृषि विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि अरपा सिर्फ नदी नहीं है इसमें बिलासपुर की जन भावना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अरपा को सदानीरा बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नदी के उदगम से लेकर संगम तक संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य है ताकि पानी स्वच्छ एवं बारहों महीने पानी रह सके। अरपा नदी के जलग्रहण क्षेत्र में बिलासपुर सहित जीपीएम, कोरबा एवं मुंगेली जिले के 625 गांव आते हैं। अरपा को प्रदूषण से बचाने के लिए नालों के पानी को ट्रीट करना जरूरी है। इसके लिए नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा श्री शर्मा ने की। नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने कार्ययोजना के तहत किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। नगर निगम कमिश्नर ने अरपा नदी में नगर निगम सीमा क्षेत्र में नालों के गंदे पानी को रोकने के लिए एसटीपी योजना के कार्यो की ताजा हालात की जानकारी दी। सिंचाई विभाग द्वारा अरपा नदी को जीवंत रखने के लिए अरपा नदी में 20 योजनाओं का निर्माण किया गया है। इसी प्रकार सिंचाई विभाग द्वारा अरपा नदी में निर्माणाधीन अरपा भैंसाझार, कोनी के पास डाईक निर्माण, शिवघाट बैराज और पचरीघाट बैराज निर्माण की जानकारी दी गई। श्री शर्मा ने कहा कि इन योजनाओं के निर्माण में कोताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्य कराए जा रहे अन्य विभागों जैसे वन विभाग, माइनिंग और जिला पंचायत के कामों की भी समीक्षा की गयी। अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप अरपा नदी को संवारने के लिए त्वरित गति से काम किया जाए। उन्होंने कामों की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रगतिरत कार्यो को समयसीमा में पूरा करें : आयुक्त

कोरबा/नवप्रदेश। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम के विकास व निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाएं, अप्रारंभ विकास कार्यो को तत्काल प्रारंभ कराएं तथा प्रगतिरत कार्यो को निर्धारित समयसीमा के अंदर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरणों का निराकरण, नागरिकों सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता के साथ कराएं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं का त्रुटिरहित संचालन एवं उनका वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली तथा निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में निगम के विकास व निर्माण कार्यो, नगर पालिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं आदि की कार्यप्रगति की समीक्षा के साथ-साथ निगम के राजस्व वसूली कार्यो, अनियमित विकास का नियमितीकरण, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था सहित निगम के विविध कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने सांसद मद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, महापौर मद, पार्षद व एल्डरमेन मद, अधोसंरचना, वित्त आयोग मद, जिला खनिज न्यास सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रस्तावित, प्रगतिरत व पूर्ण हो कार्यो की जोनवार तथा मदवार विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि निगम के प्रस्तावित व स्वीकृत निर्माण व विकास कार्यो की निविदा प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कराएं, जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उन्हें प्रारंभ कराएं तथा जो कार्य प्रगतिरत हैं, उन्हें समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूरा करें। उन्होने कहा कि विकास व निर्माण कार्यो में किसी प्रकार कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा, अतः संबंधित अभियंता कार्यो की नियमित मानीटरिंग करें तथा कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ हो रहा है यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

योजनाओं का त्रुटिरहित संचालन सुनिश्चित हों- आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने बैठक के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं की कार्यप्रगति की योजनावार समीक्षा की। उन्होने गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की खरीदी, खाद निर्माण व विक्रय, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत चलित शिविरों का आयोजन, दवाओं की उपलब्धता, नागरिकों की निःशुल्क जांच एवं बीमारियों का मुफ्त जांच संबंधी जानकारी दी।

गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस ने किया पीएम का पुतला दहन

मुंगेली/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार के द्वारा घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष राजेश छैदईया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। बढ़ती महंगाई के विरोध जिला युवा कांग्रेस ने हूंकार भरते हुए नगर के कांग्रेस भवन से पड़ाव चैक तक पैदल मार्च कर केंद्र सरकार के खिलाफ में जमकर नारे बाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लगातार बढती महंगाई ने पहले से ही आम आदमी की कमर तोड रखी थी, ऐसे में ठीक होली त्यौहार से पहले रसोई गैस में हुए बढोत्तरी ने आम जन जीवन को और झकझोर कर रख दिया है। जिस समय केन्द्र की भाजपा सरकार विपक्ष में बैठती थी उस दौरान रसोई गैस के दामो में थोडी सी भी बढ़ोत्तरी पर केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी हहाकार मचा देती थी प्रधान मंत्री को चुड़िया भेट करती थी। वर्तमान में बढते दामो को लेकर अब सरकार मौन क्यो हो गई है। क्या अब प्रधानमंत्री को चुडिया भेट करेगी, आज जनता पूछ रही है, क्या अडानी को हो रहे नुकसान की भरपाई आम आदमी के जेब से भरने का मन बना रही है। उन्होने आगे कहा कि अडानी को छुट और आम जनता से लूट का फार्मूला अपनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अभिलाष सिंह, नगर पालिका सभापति राहुल कुर्रे,आकाश चंदेल, सोनू मनहर, भारत रत्न मंडेला, सनी साहू, अनिकेत यादव, नंदकुमार साहू, रॉकी सिंह,संजू श्रीवास, अक्कू वैष्णव,भविष्य, युवराज,सहित बड़ी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसईसीएल गेवरा कोल माइंस में लगी भीषण आग, कोयला जलकर खाक

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के एसईसीएल गेवरा कोल माइंस के कोल स्टॉक में मंगलवार को लगी भीषण आग पर बुधवार तड़के काबू पा लिया गया। गेवरा के आनंद वाटिका कोल स्टॉक में लगी आग पर 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आगू पाया जा सका।आग लगने के कारण कोल इंडिया को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। इधर पूरे मामले में प्रबंधन पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बारे में जब एसईसीएल के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनका मोबाइल बंद मिला। वहीं घटनास्थल पर मौजूद अधिकारी इस संबंध में कुछ भी कहने से बचते नजर आए। बताया जा रहा है कि आग काफी समय से लगी हुई थी, लेकिन अधिकारियों ने उस पर संज्ञान नहीं लिया और आग फैलती चली गई। तब जाकर आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कोल स्टॉक का काफी हिस्सा धू-धूकर जल चुका था। इससे पहले भी कुसमुंडा गेवरा दीपका और मानिकपुर के कोल माइंस में आग लग चुकी है।

जमीन विवाद में मुर्गे को बनाया हथियार मुर्गा चोरी के विवाद उलझी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पुलिस पिछले कई दिनों से मुर्गा चोरी कर उसे मारने के विवाद में उलझी हुई है। महिला ने पड़ोसी पर अपने देशी मुर्गे को चोरी कर मारने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस पड़ोसी पति-पत्नी को पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में पता चला कि महिला ने जमीन विवाद के चलते पड़ोसी को फंसाने के लिए मुर्गा चोरी कर उसे मारकर घायल करने का आरोप लगाई थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पूरा मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, तीन दिन पहले पुलिस के पास एक अजीबोगरीब मामला सामने आया था, जिसमें ग्राम सिलदहा निवासी जानकीबाई बिंझवार अपने देशी मुर्गे को लेकर थाने पहुंची थी। महिला ने पुलिस को बताया कि वह मुर्गा पालन करती है। उसके मुर्गे को पड़ोसी दम्पति चोरी करने व उसे मारकर घायल करने की फिराक में थे, तभी उसने देख लिया। इस घटना में मुर्गा घायल हो गया है और उसे पंख टूट गए हैं। महिला ने पड़ोसी पति पत्नी पर वैधानिक कार्रवाई कर केस दर्ज करने की मांग की थी।

कलेक्टर सहित 160 अधिकारी-कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य जांच

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आज जिला कलेक्टोरेट परिसर में मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर का आयोजनकिया गया।जिसमें कलेक्टर राहुल देव सहित 160 अधिकारी-कर्मचारियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई और शासन की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लिया। 74 लोगों का विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजी जांच किया गया तथा 113 लोगों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। इस दौरान

कलेक्टर ने मोबाईल मेडिकल यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में संबंधितों से जानकारी भी ली और नगरीय निकाय के अधिक भीड़-भाड़ वाले इलाकों में शिविर लगाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभांवित करने के निर्देश नगर पालिका सीएमओ को दिए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। जिसका संचालन सभी नगरीय निकायों में किया जा रहा है। इस योजना के तहत नगरीय निकायों में आमजनों को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट में ब्लड प्रेशर, शुगर, सीबीसी जैसे लगभग 24 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाई भी दी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 36 हजार 208 लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 09 हजार 502 लोगों का विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजी जांच किया गया है। वहीं 30 हजार 576 लोगों को निःशुल्क दवाई उपलब्ध कराया गया है।

कलेक्टर ने मिशन परिवार विकास पखवाड़ा प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट परिसर से मिशन परिवार विकास पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार रथ के द्वारा 05 दिवस तक जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जाकर दंपतियों को जागरूक करते हुए परिवार नियोजन के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.एस.राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. देवेन्द्र पैकरा, डीपीएम गिरीश कुर्रे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे। विदित है कि जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा मिशन परिवार विकास पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में

आज मिशन परिवार विकास पखवाड़ा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान के तहत जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयास किये जा रहे हैं। दम्पत्तियों को जागरूक करते हुए पुरूषों को नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाएगा। ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाई जा सके। पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले योग्य दम्पतियों को गर्भनिरोधक के संबंध में परामर्श देते हुए इच्छित गर्भ निरोधक साधन अथवा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।

6 घंटे के भीतर लूट का खुलासा

रिटायर कर्मचारी से की थी लूट, पति-पत्नी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना क्षेत्र में हुई 2.5 लाख की लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकंडा पुलिस और एसीसीयू बिलासपुर की टीम वर्क से पुलिस ने आरोपियों को 6 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मिले फोटो को लोकल ग्रुप में वायरल किया था, जिसके बाद मुखबिर ने लुटेरों की पहचान की इसके बाद पुलिस ने मुखबिर के बताए हुए एड्रेस पर दबिश दी, जहां से आरोपी फरार हो गए थे।

आरोपी लूट की रकम लेकर ट्रेन से अपनी पत्नी के साथ उमरिया भाग रहा था, जिसकी जानकारी पुलिस मिली. इसके बाद पुलिस ने पेंड्रारोड पर स्थानीय पुलिस और जीआरपी को अलर्ट कर आरोपियो को पकड़ लिया. आरोपियों से पुलिस ने लूट की रकम और घटना में प्रयुक्त स्कूटी वाहन को जब्त कर लिया है. आरोपी दिलीप रेलवानी और उसकी पत्नी रूखमणी रेलवानी बिलासपुर के मसानगंज के रहने वाले है. पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 392,34 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

बता दें कि शिव कुमार चन्द्रा पिता स्व. दाउराम चन्द्रा उम्र 65 वर्ष निवासी कपिल नगर सरकण्डा ने थाने में अपराध दर्ज कराया कि वह कोल पेस्ट इंडिया लिमिटेड भोपाल म.प्र. का रिटायर्ड कर्मचारी है जो आज दिनांक 28 फरवरी को हुण्डई चौक स्थित स्टेट बैंक से चेक के माध्यम से 2,50,000 हजार रू. आहरण कर थैला में रखकर पैदल अपने घर कपिल नगर आ रहा था. दोपहर करीब 02.30 बजे घर के पहले मोहल्ले में पहुंचा था तभी एक व्यक्ति स्कूटी में आगे की तरफ से आया और रकम रखे थैला को लूट कर भाग गया था।

ग्रीष्म काल में पेयजल की उपलब्धता के लिए सभी आवश्यक तैयारी अभी से दुरूस्त करें : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

■ सभी ग्राम पंचायतों में गौठान निर्माण हेतु अतिक्रमित स्थल से बेजा कब्जा हटाने के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर जनदर्शन, कॉल सेंटर, पीजीएन पोर्टल सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और नियमानुसार त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की गंभीर समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगरीय निकायवार ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता हेतु सभी आवश्यक तैयारी अभी से दुरूस्त करने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। इसी तरह उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने जल जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों, स्कूलों, आंगनबाड़ी में भी पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले के सभी जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत कराने तथा अति आवश्यक अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु शीघ्र कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सकों द्वारा अनिवार्य रूप से श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की दवाएं लिखी जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों को सस्ती दर पर दवाई उपलब्ध कराने शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों में श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है। जिसका अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलना चाहिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की प्रगति की जानकारी ली और कहा की धान उठाव कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने खुड़िया और छपरवा धान खरीदी केंद्र में जीरो शार्टेज पर एसडीएम लोरमी सहित पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने शासकीय भवनों के पोताई हेतु गोबर पेंट रिपा से खरीदने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी प्रगतिरत कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों में गौठान निर्माण हेतु अतिक्रमित स्थल से बेजा कब्जा हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान निर्माण होने से राजस्व जमीन भी सुरक्षित रहेगा और मवेशियों के लिए एक ही जगह पर चारा, पेयजल, छाया की सुविधा उपलब्ध होगी।

आंदोलन स्थल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार को वादा याद दिलाने किया हवन

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा स्थित आंदोलन स्थल पर कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने हवन कुंड बनाकर उसमें सरकार को सद्बुद्धि देने आहुतियां डाली। साथ ही चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे को याद दिलाते हुए मांगों को पूरा करने कहा। उधर घंटाघर कोरबा में पीएमए सीएम के नाम पोस्ट कार्ड अभियान चलाकर अपनी आवाज बुलंद करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका जुटी हुई हैं।

कटघोरा स्थित बीईओ कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने बताया कि यह अनुष्ठान प्रदेश सरकार के मुखिया भूपेश बघेल व महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री अनिला भेड़िया के लिए किया गया। सरकार अगर उनकी मांगों को पूरा करती है तो इससे सभी कार्यकर्ता सहायिकाओं के साथ उनके परिजनों का साथ मिलेगा। इससे सरकार का भी हित होगा। सरकार अगर उनकी मांगों को पूरी नहीं करती हैए तो इसका प्रतिकार उन्हें झेलना पड़ेगा। उधर कोरबा जिला मुख्यालय में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 28 जनवरी से बैठी कार्यकर्ता सहायिकाओं की प्रमुख वीणा साहू ने बताया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने से उन्हें उम्मीद जगी थी।

हाट बाजार क्लीनिक योजना के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा

■ 20 हाट बाजारों में सवा लाख से ज्यादा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरुआत की। इस योजना से दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है, यही कारण है कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत और जन-जन के लिए सुलभ हुई हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित विभिन्न चुनौतियां आती है इन्हीं सभी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान शासन ने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना की शुरुआत 2 अक्टूबर 2019 में की। योजना कि शुरुआत से ग्रामीण क्षेत्रों के अंदरूनी इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही है बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचने से जनसामान्य को आराम मिल रहा है।

वर्तमान में जिले में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना के संचालन हेतु कुल 20 हाट बाजारों का चिन्हांकन किया गया है जिस हेतु टीम बनाकर मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। अब तक चिन्हांकित 20 हाट बाजारों में आने वाले 1 लाख 36 हजार 195 आम जनताओं को स्वास्थ्यगत

समस्याओं का जांच, उपचार एवं निःशुल्क औषधि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है साथ ही गंभीर रोगों के बेहतर उपचार हेतु उच्च चिकित्सकीय संस्थानों में रेफरल की सुविधा भी दी जा रही है। हाट बाजारों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से ग्रामीणों एवं आमजनों को दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में नहीं जाना पड़ रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा की जा रही स्वास्थ्य सुविधा से आमजन काफी उत्साहित है। सुदूर और अंदरूनी इलाकों में हाट-बाजार के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा मिलने से लोगों को अब स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्ग लोग जो अपने स्वास्थ्य के प्रति कहीं न कहीं लापरवाह दिखते हैं। लेकिन इस योजना ने नवजात से लेकर बुजुर्गों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए जागरूकता ला रही है। जिसका परिणामस्वरूप आज गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने के प्रारम्भिक से गंभीर अवस्था में पहुँचने से पहले खासकर मधुमेह, रक्तचाप, हृदय एवं गुर्दे की बीमारी, टीबी आदि कुछ ऐसी बीमारियां है जो समय से पता चलने से उचित उपचार हो रहा है बदलते परिवेश के साथ आज बहुत कुछ बदलता नजर आ रहा है जहां देखेंगे प्राचीन काल में लोग जड़ी बूटियों, आयुर्वेदिक दवाओं, वैद्य बाबाओं के जरिए अपना इलाज करवा रहे थे लेकिन इस वर्तमान युग में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार करते हुए अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधा की पहुंच आसान कर दी है। अब योजनाओं के प्रति जनता का भरोसा और रुझान बढ़ रहा है। योजना के माध्यम से अब लोग निःशुल्क हाट बाजार में अपना स्वास्थ्य चेकअप करवा कर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं अब कोई भी व्यक्ति शुरुआती स्टेज में ही अपनी बीमारी का परीक्षण करवा कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजब बन रहा है। यह योजना आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।

युवा मोर्चा शहर मंडल ने गृह मंत्री का फूंका पुतला

■ प्रदेश के गृहमंत्री तानशाह : धनेंद्र ठाकुर

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर भारतीय जानता युवा मोर्चा प्रदेश आवाहन पर मंडल अध्यक्ष घनेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आक्रोश पुतला दहन किया है।

मंडल अध्यक्ष घनेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा रेत माफियाओ को मिल रहे संरक्षण का परिणाम है कि भाजयूमो भैयाथान मंडल के अध्यक्ष अमन प्रताप पर जानलेवा हमला हुआ। पैरो पर गाड़ी चढ़ा दी गयी सर पर लोहे की रॉड से मारा इतनी निर्ममता से हमले का बल आखिर किस्से मिला अपराधियो को । छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार लगातार प्रदेश को अपराधगढ़ बना रही है। अपराधियो को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। और भगवान से प्राथना है अमन जल्द स्वस्थ होकर घर लौटे।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भरत मटियारा देवेन्द्र भाऊ, टेकेश्वर जैन ,भूपेन्द्र नाग आशाराम नेतम ,मंडल अध्यक्ष दीपक खटावनी, गिरधर यादव, पप्पू मोटवानी, संजय सोनी, गोलू तिवारी ,आशीष, मनीष जैन, भानु नेतम, पीयूष वलेचा, मोनू यादव, जतिन अटभिया, दीपांशु जैन, योगेश, कृष्णा पांडेय, सुनील ठाकुर, पीयूष बैरागी, शिवम् जयसवाल, नवीस रजक ,किशोर ,बलराम यादव ,बिट्टू बघेल उपस्थित रहे।

सारंगढ़ में 'सारबिला मिलेट्स कार्यक्रम' कल

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में आगामी 4 मार्च को दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक जिला कार्यालय के समीप स्थित मैदान में 'सारबिला मिलेट्स कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मिलेट्स व्यंजनों की प्रदर्शनी के साथ ही मिलेट्स विशेषज्ञ-कृषि वैज्ञानिकों की परिचर्चा, उत्कृष्ट कृषक परिचर्चा के साथ न्यूट्रिशन विशेषज्ञ, प्रतिष्ठित होटल के शेफ, फूड कोर्ट सहित विभिन्न स्टार्टअप की जानकारी मिलेगी। साथ ही कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शहर के प्रतिष्ठित होटल एवं रेस्टोरेंट के द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। उक्त कार्यक्रम में लघु धान्य में फसलों की फसल क्षेत्र विस्तार उत्पादन एवं प्रसंस्करण कर सामान्य जनों के बीच विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंजन तैयार कर उपयोग करने व जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का होगा आयोजन

बलरामपुर/रायपुर। न्याय विभाग भारत सरकार एवं नालसा के संयुक्त तत्वाधान में संचालित की जा रही दिशा स्कीम के अंतर्गत शार्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी बाहुल्य जगदलपुर में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए 05 से 10 मिनट की अवधि की शार्ट फिल्में न्याय विभाग एवं नालसा के दिशा स्कीम थीम पर तैयार कर 15 मार्च तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत की जा सकती है।

समूह की दीदियों ने तैयार किया हर्बल गुलाल, कलेक्टर को बेचा

■ होली में उड़ेगा मेहंदी, लाल भाजी और टेसू के फूल से बना हर्बल गुलाल

■ हर्बल गुलाल का उपयोग करने कलेक्टर ने की अपील

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र के मार्गदर्शन में जिले में महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा हर्बल गुलाल उत्पादन किया जा रहा है। जिसमें समूह की दीदियों को गुलाल बनाने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। ग्राम कारली के रानी स्व-सहायता समूह तथा ग्राम छोटे तुमनार के जय भैरम व उर्रेमारा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगभग 3 क्विंटल मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार किया गया। समूह कि दीदियों ने अपने ही हाथों से तैयार किये गए हर्बल गुलाल को कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार को भेंट किया। जिसे कलेक्टर ने प्रथम ग्राहक के रूप में गुलाल क्रय किया और समूह दीदियों द्वारा निर्मित गुलाल की प्रशंसा कर समूह की दीदियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। और उनके द्वारा हर्बल गुलाल उत्पादन को अच्छी पहल बताते हुए अधिक उत्पादन व विपणन हेतु प्रोत्साहित किया।

उन्होंने गुलाल पैकिंग में रिसाइकल्ड बायोडिग्रेडेबल पॉलीथिन के उपयोग की भी सराहना की, साथ ही आमजनों से हर्बल गुलाल का उपयोग करने की अपील भी की है। महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल निर्माण में विभिन्न रंगों के लिये स्थानीय रंग के स्रोत का उपयोग किया, जिसमें पलाश के फूल, सिंदूर, चुकंदर, पालक भाजी, सेम की पत्ती, हल्दी, लाल भाजी, अपराजिता का फूल, मेहंदी, कत्था आदि का उपयोग कर गुलाल बनाया गया, जो कि पूर्ण रूप से रसायन मुक्त उत्पाद है। जिसे स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा होली त्यौहार के पहले जिले के विभिन्न स्थानों के साथ कलेक्ट्रेट कैंपस में स्टॉल लगाकर विक्रय किया जायेगा।

होली शबे बारात को लेकर आज शांति समिति की बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में होली एवं रंग पंचमी त्यौहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में 03 मार्च को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आहूत की गई है।जिसमें सभी संबंधितों को उपस्थित होने को कहा गया है। जिले में 7 मार्च को होलिका दहन, 08 मार्च को होली पर्व एवं 12 मार्च को रंग पंचमी त्यौहार मनाया जाएगा।

कलेक्टर शुक्ल ने पुल और गौठान में निर्माणाधीन भवन का किया अवलोकन

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने दुर्गूकोंदल विकासखंड के केवटीनटोला कोदा पाखा मार्ग पर मर्रामपानी नाला में निर्माणाधीन वृहद पुल और डांगरा तथा हाट कोंदल के गौठान में निर्माणाधीन भवन का अवलोकन गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने दुर्गूकोंदल से केंवटीनटोला कोदापाखा मार्ग पर मर्रामपानी नाला में 68.04 मीटर लंबाई की लगभग 95 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे वृहद पुल का निरीक्षण करते हुए निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने निर्देशित किये। उन्होंने निरीक्षण पश्चात डांगरा के गौठान के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन फाईल प्रिंटिंग भवन एवं मशरूम उत्पादन के लिए बनाये जा रहे भवन को शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने गौठान के कार्यों से ग्राम के नवयुवकों को जोड़ने के लिए दुर्गूकोंदल के जनपद सीईओ को निर्देशित किये। कलेक्टर ने हाटकोंदल के गौठान पहुंचकर स्व-सहायता समूह की महिलाओ द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्हे बुके पैकिंग की प्रशिक्षण दिलाकर आय अर्जित करने के साथ ही गौठान में तार फेंसिंग, ईट निर्माण, मछली उत्पादन, मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन, वर्मीखाद बनाने इत्यादि कार्यों से जुड़कर अधिक से अधिक आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सशक्तिकरण अभियान की जिला व मण्डल टीम की कार्यशाला संपन्न

■ बिना बुथ मजबूत के चुनाव जीतना आसान नहीं - केदार कश्यप

कांकेर/नवप्रदेश। इस साल के अंत मे छग में होने वाले विधानसभा चुनाव व 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत का लक्ष्य प्राप्त करने भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है ।

इसी कड़ी में भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला व मण्डल टीम की कार्यशाला भाजपा के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, सह प्रभारी दीपक साहू, विधानसभा प्रभारियों कमलेश ठोकने, राजाराम तोडेम, गौतम गोलछा की उपस्थिति तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

कार्यशाला को प्रशिक्षण देते हुए प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि बिना मजबूत बूथ के जीत नही हो सकती । हमे जिले के प्रत्येक बूथ में एक मजबूत टीम बनानी होगी। यह टीम राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी के हर कार्य को बूथ पर क्रियान्वयन करेगी । इन बूथों में काम कैसे करना है इस बात की जानकारी श्री कश्यप ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को दी । उन्होंने बताया कि 7820078200 नम्बर पर मिस काल कर कोई भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकता है । । ऊपर दिए गए नम्बर पर मिस कॉल करने से सरल ऐप का लिंक आयेगा जिसमे अपनी जानकारी भरना है ।

भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि जिले के साथ ही हमारी मंडलों में बूथ सशक्तिकरण अभियान की टीम का गठन हो चुका है । इस टीम को प्रत्येक बूथ की मजबूती के लिए गम्भीरतापूर्वक कार्य करना है । मजबूत बूथ ही हमारी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा । भूपेश बघेल सरकार के 36 झूठे वादों को भी जनता को याद दिलाये । आगामी 2023 में जनता कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने तैयार है ।

भाजपा के जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन ने बूथ सशक्तिकरण टीम को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बूथों में नए सदस्यों को भाजपा के विचारधारा से जोड़ने का प्रयास करें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन कि बात को बूथ में जनता के साथ बैठकर सुने व साथ ही बूथ की बैठक भी कर ले। केंद्र की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक हितग्राहियों तक पहुंचे और उसका लाभ मिले ये भाजपा कार्यकर्ता सुनिश्चित करें।

कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री बृजेश चौहान व आभार प्रदर्शन बूथ सशक्तिकरण जिला टीम के सदस्य विजय कुमार मण्डावी ने किया । कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला टीम के सदस्य जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, अनिता सोनी, डॉ देवेंद्र साहू सहित सभी 16 मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री मोर्चा जिलाध्यक्ष , बूथ सशक्तिकरण अभियान की मण्डल टीम उपस्थित रहे ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पूर्वोत्तर में खिला...

कहा है कि कृपया ध्यान दें-मेघालय, त्रिपुरा और नागालैंड के चुनाव में आम आदमी पार्टी नहीं लड़ी, कांग्रेस फिर भी हारी है.

ईडी दफ्तर के अंदर...

की जा रही है। श्रम विभाग के दफ्तर में भी छापा मारा था। पिछले सप्ताह रामगोपाल अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, देवेंद्र यादव के घर छापा मारा था। बुधवार देर शाम तक राम गोपाल अग्रवाल से भी पूछताछ की, शुक्रवार को भी कुछ नेताओं को पूछताछ के लिए बुलाए जाने की खबर है। इधर ईडी दफ्तर के ठीक बाहर कांग्रेस के नेताओं ने पंडाल लगाकर धरना दे दिया है। साउंड सिस्टम का बड़ा स्पीकर पचपेड़ी नाका स्थित ईडी दफ्तर की ओर है। बाहर पंडाल के पास रसोई सजा दी गई है। यहीं कांग्रेसियों का खाना पक रहा है, राहगीरों को भी दाल, चावल सब्जी और पूरियां परोसी जा रही है। छोटा सा लंगर भी चलाया जा रहा है। कहा जा सकता है कि ईडी की छापेमार कार्रवाई का विरोध करने कांग्रेस राशन-पानी लेकर चढ़ गई है।

भारत की दूसरी पारी 163....

हॉफ सेंचुरी जमाई, वे 59 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस अय्यर 26, कप्तान रोहित शर्मा 12 और विराट कोहली 13 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में रविचंद्रन अश्विन ने 16 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली। कंगारू टीम से दूसरी पारी में नाथन लायन ने 8 विकेट चटकाए। भारत पहली पारी में 109 रन पर आउट हुआ था।

टेस्ट क्रिकेट का मजाक बनता है : पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप वेंगसरकर को लगता है कि भारत में तीन दिन के अंदर टेस्ट समाप्त होने का चलन सही नहीं है. वेंगसरकर ने कहा, 'अगर आप अच्छा क्रिकेट देखना चाहते हैं तो पिच से ही सारा अंतर पैदा होता है. आपके पास ऐसे विकेट होने चाहिए जहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबरी का मौका मिल सके. अगर पहले ही दिन और पहले ही सत्र से गेंद टर्न लेने लगेगी और वो भी असमान उछाल के साथ तो इससे टेस्ट क्रिकेट का मजाक ही बनता है. वेंगसरकर कहते हैं, 'टेस्ट क्रिकेट के लिए दर्शकों का मैदान में आना सबसे अहम है. लोग तभी टेस्ट क्रिकेट देखने आएंगे, अगर यह दिलचस्प होय. कोई भी दर्शक गेंदबाजों को पहले ही सत्र से बल्लेबाजों पर दबदबा बनाते हुए नहीं देखना चाहता. आस्ट्रेलियाई दिग्गज मैथ्यू हेडन भी इंदौर की पिच से नाखुश हैं.

7वीं की छात्रा नरगिस...

भी बहुत बढ़िया बोलती हैं। नरगिस खान ने अपनी क्षमता को देखते हुए दसवीं की परीक्षा देने की इच्छा जाहिर की थी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अनुमति मांगी थी। उनकी इच्छाशक्ति को सरकार ने सराहा और उसका टेस्ट लेने के बाद 10वीं बोर्ड की परीक्षा देने की अनुमति दी गई। दसवीं की परीक्षा में बैठने के लिए आईक्यू टेस्ट करना जरूरी था। 15 जून 2022 को राजनांदगांव में हैदराबाद की मेडिकल टीम ने नरगिस का आईक्यू टेस्ट किया। चिकित्सकों ने भी माना कि नरगिस दसवीं की परीक्षा दे सकती हैं। इसके बाद जुलाई 2022 को जिला मेडिकल बोर्ड ने भी मेडिकल प्रमाणपत्र सौंपा। इन सभी दस्तावेज को माध्यमिक शिक्षा मंडल भेजा गया था। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अनुमति पत्र में लिखा कि आईक्यू लेवल टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर कार्यपालिका एवं वित्त समिति की संयुक्त बैठक 17 अगस्त 2022 के विषय क्रमांक 10 में लिए गए निर्णय के अनुसार हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 में स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की विशेष अनुमति दी जाती है।

अभिनेत्री सुष्मिता ...

लाइन मेरे पापा ने कही थी. मुझे दो दिन पहले हार्ट अटैक आया था. मेरी एंजियोप्लास्टी हुई. दिल अब सही सलामत है. और सबसे जरूरी बात, मेरे कार्डियोलॉजिस्ट ने कन्फर्म किया है कि मेरा दिल सही मायने में बहुत बड़ा है. एक्ट्रेस ने आगे लिखा- बहुत सारे लोग हैं जिन्हें मैं धन्यवाद देना चाहूंगी. जिनकी वजह से मुझे टाइम पर ट्रीटमेंट मिल पाया. उनके तुरंत लिए एक्शन की वजह से मैं ठीक हो पाई. अगली पोस्ट में मैं वो भी बताउंगी. ये पोस्ट मैंने सिर्फ अपने चाहने वालों को अपडेट देने के लिए किया है. और ये खुशखबरी शेयर करने के लिए कि अब मैं ठीक हूं. मैं अपनी जिंदगी खुलकर जीने के लिए तैयार हूं. तहे दिल से आपसे प्यार करती हूं.

चुनाव आयुक्त की नियुक्ति...

जानी चाहिए। नहीं तो इसके अच्छे परिणाम नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि वोट की ताकत सुप्रीम है, इससे मजबूत से मजबूत पार्टियां भी सत्ता हार सकती हैं। इसलिए इलेक्शन कमीशन का स्वतंत्र होना जरूरी है। यह भी जरुरी है कि यह अपनी ड्यूटी संविधान के प्रावधानों के मुताबिक और कोर्ट के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष रूप से कानून के दायरे में रहकर निभाए।

सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी...

और इसकी जांच प्रोसेस में कोई बाधा नहीं आएगी।

आरबीएसके तकनीक के माध्यम से जन्मजात कटे-फटे होंठ की सफल सर्जरी

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। बरमकेला ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया के निवासी प्रसन्न नायक की पुत्री निधि नायक उम्र 11 माह जिसका चिन्हांकन जन्मजात क्लेफ्ट लिप विकृति के रूप में चिरायु टीम बरमकेला के द्वारा किया गया था। पालक से संपर्क करने के उपरांत एवं चिरायु टीम प्रभारी डॉ सुरेंद्र सिंह के तत्परता के फलस्वरूप मरीज के परिवार जन आपरेशन के लिए राजी हो गए। चिरायु टीम बरमकेला के द्वारा 30 जनवरी 2023 को ओम हास्पिटल रायपुर ले जाया गया और भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर मरीज के परिवार जन को आश्वस्त किया कि यहाँ सफल आपरेशन हो जाएगा। अगले दिन 31 जनवरी 2023 को सफल ऑपरेशन हो गया तथा 5 दिन के ऑब्जर्वेशन के बाद 4 फरवरी 2023 को डिस्चार्ज कर दिया गया। इस ऑपरेशन के बाद से नन्हीं बिटिया निधि नायक ठीक है ।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के समस्त चिरायु टीम के द्वारा चिन्हित बच्चों का चिरायु योजनान्तर्गत आयुष्मान भारत योजना से ऐसे ही अन्य समस्त प्रकार के जन्मजात बीमारियों का उपचार मुफ्त में कराया जाता है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफआर.निराला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री इजारदार एवं बरमकेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.पाणिग्राही का प्रमुख सहयोग रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.पी.डी.खरे,चिरायु टीम बरमकेला डॉ सुरेंद्र सिंह, डॉ.नीतू भगत, डॉ.हेमलता रायसागर, प्रवीण पाणिग्राही फार्मासिस्ट, कविता पटेल फार्मासिस्ट, अनिता तांडी एएनएम एवं राधा खूंटे एएनएम का योगदान चिरायु के होने वाले लाभ को ब्लॉक के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाने में मिल रहा है।

गट्टासिल्ली में जंगल सत्याग्रह प्रारंभ

नगरी/नवप्रदेश। गट्टासिल्ली जंगल सत्याग्रह के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एकता परिषद द्वारा पूरे प्रदेश के हजारों आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ सत्याग्रह स्तंभ पर पुष्पांजलि देकर पदयात्रा के बाद प्रम्भ हुई।

एकता परिषद के द्वारा आयोजित इस सत्याग्रह में उड़ीसा से आए पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्तचरण दास ने कहा की यू पी ए सरकार के द्वारा लाए गए वन अधिकार कानून की मंशा आदिवासियों को उनके वन अधिकार देना रहा। जंगल को बचाने के लिए जंगल का अधिकार आदिवासियों को देना होगा। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के मनीष कुंजाम ने कहा की सरकार को अभियान चलाकर आदिवासियों को वन का अधिकार सौंप देना चाहिए। जंगल सत्याग्रह इतिहास के लेखक आशीष ठाकुर ने कहा की पहले जंगल काटकर सत्याग्रह सौ साल पहले शुरू हुआ था अब जंगल बचाकर सत्याग्रह करना होगा। सरगुजा के सामाजिक कार्यकर्ता गंगाराम पैंकरा ने कहा की बहुत सारे जगहों पर आदिवासियों को वन अधिकार मिला है, उसे और भी सक्रियता के साथ बाकी बचे हुए दावेदारों को देने की जरूरत है। कवर्धा के बैगा आदिवासी नेता शिकारी बैगा ने कहा की सरकार हमारी जमीन की समस्या हल करे। जिला पंचायत धमतरी सदस्य मनोज साने कहा कि वन अधिकार कानून की जानकारी दी एवं आदिवासियों द्वारा जल जंगल जमीन की रक्षा के बारे में बताया बृज पटनायक ने कहा की आज भी देश में कई जगह है जन्हा पर सरकार अपने काम के लिए समुदाय से जमीन लेती है। जंगल क्षेत्र की जमीनों का अधिकार उसके वास्तविक अधिकारी आदिवासियों को सौंपना चाहिए।

इस सत्याग्रह में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर आदिवासी समुदाय के लिए काम करने वाले सामाजिक संगठनों के साथी भाग ले रहे हैं सत्याग्रह के पूर्व एकता परिषद के संस्थापक राजगोपाल जी ने आज पास के कई गांवों का भ्रमण कर आदिवासियों की वन भूमि समस्याओं को जाना और पीड़ितों अपना आंदोलन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

सत्याग्रह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री भक्तचरण दास, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के मनीष कुंजाम, एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रनसिंह परमार, किसान आंदोलन के सुदेश पैंकरा, आसाम के आदिवासी सांसद नब्बासरण्या, सरगुजा के आदिवासी नेता गंगाराम पैंकरा, राष्ट्रीय संयोजक अनिष कुमार, वरिष्ट कार्यकर्त्ता अनिल भाई , हरियाणा के राकेश तंवर वीरेश ठाकुर इंदल मंडावी इतवारीन बाई देव सिंह टिकेश्वर सिन्हा अशोक राम शिव कुमारी खेलु राम दान सिंह मरकाम कुंवर सिंह अखिलेश प्रजापति कमलेश मंडावी मोहन मरकाम देश भर के गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता और जंगल सत्याग्रह के सत्याग्रही परिवार के वंशज भी भाग ले रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

दो सटोरियों से सट्टापट्टी सहित नगद 5480 रू. जब्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं बेरला में 28 फरवरी को सट्टा का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपियों के विरूद्ध 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई। जिसमें आरोपीगण दीपक साहू पिता संतोष साहू उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 4 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा, राकेश कुमार कुर्रे पिता कपूरदास कुर्रे उम्र 26 साल साकिन वार्ड नं. 12 बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा से सट्टापट्टी, पेन सहित नगदी रकम 5480 रूपये जप्त किया गया।

कांग्रेस का अधिवेशन मील का पत्थर : अनंत

नवागढ़/नवप्रदेश। रायपुर में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन पर बेमेतरा नवागढ़ कांग्रेश ब्लॉक उपाध्यक्ष संजीव पिंटू अनंत ने कहा कि रायपुर का यह 85 वां अधिवेशन देश की राजनीति को नई दिशा देगा। इस

अधिवेशन के पारित प्रस्ताव भविष्य में सशक्त भारत के निर्माण का मजबूत आधार बनेगा कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के कोने-कोने से यहां प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सेवा समर्पण और बलिदान सबसे पहले हिंदुस्तान का नारा दिया साथ ही सोनिया गांधी का बहुत प्रेरक संबोधन राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने जमीनी कार्यकर्ताओं में एक नई उमंग पैदा कर दी है। अनन्त ने कहा कि 138 सालों के कांग्रेश के इतिहास में अब तक 85 वा अधिवेशन हुए और उन सब से सब में देश की दिशा को बदलने वाले फैसले हुए जनता के सरोकारों से जुड़ी देश की जितनी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं उनमें कई ऐसी हैं जिनके मूल विचार हमारे अधिवेशन में आए यहां तक कि भारत के संविधान में शामिल मूल अधिकारों का विचार भी हमारे 1931 कराची अधिवेशन में आया था।

केंद्रीय भंडारगृह 1 ने प्राप्त किया 'सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ भंडारगृह' का पुरस्कार

भाटापारा/नवप्रदेश। केंद्रीय भंडार गृह 1 भाटापारा को केंद्रीय भंडारण निगम मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में स्थित 34 भंडारगृहो में से सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ भण्डारगृह के रूप में नवाजा गया है ।विदित हो की 16 फरवरी से 28 फरवरी तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसके अंतर्गत स्वच्छता से संबंधी गतिविधियां की गई और स्वच्छ भण्डारगृह का चयन सभी पैमानों पर किया गया, जिसमें भाटापारा स्थित केंद्रीय

भंडारगृह एक में सभी मापदंडों को पूरा करते हुए सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ भंडारगृह का खिताब प्राप्त किया। ज्ञात हो की स्वच्छता पखवाड़ा के तारतम्य में 23 फरवरी को पंचम दीवान कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा रैली भी निकाली गई थी। इस संबंध में भंडारगृह प्रबंधक एस.के.यादव ने बताया की स्वच्छता जागरूकता रैली में शामिल सभी छात्रों को प्रमाणपत्र दिया जावेगा व स्कूल को केंद्रीय भण्डारण निगम की ओर से स्मृति चिन्ह दिया जावेगा। उनके द्वारा बताया गया की स्वच्छ भण्डारगृह का खिताब पाने के लिए पिछले एक वर्ष से तैयारी की जा रही थी व इसके लिए भंडारगृह में स्वच्छता मित्र मंडल का गठन भी किया गया है।

आंगनबाड़ी व सहायिकाओं की अंतिम योग्यता सूची प्रकाशित

गरियाबंद/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद अंतर्गत आने वाले 3 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 14 आंगनबाड़ी सहायिका एवं 03 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों की भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी पश्चात अंतिम योग्यता सूची का प्रकाशन कर दी गई है। बाल विकास परियोजना अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार अंतिम योग्यता सूची में किसी आवेदक को दावा-आपत्ति करना हो तो वह 13 मार्च 2023 की संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद में आकर दावा-आपत्ति कर सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय पश्चात किये गये दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसील में लगेंगे शिविर

खरोरा/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जिले के राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों को तहसील कार्यालयों में शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ भुरे ने बताया कि अभनपुर के तहसील कार्यालय में 16 मार्च को, खरोरा के तहसील कार्यालय में 23 मार्च को, तिल्दा के तहसील कार्यालय में 25 मार्च को और गोबरा-नवापारा के तहसील कार्यालय में 30 मार्च को शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्व शिविर में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान-किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय मज़दूर कांग्रेस इंटक के दो दिवसीय 33 वें राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मज़दूर कांग्रेस इंटक के दो दिवसीय 33 वें राष्ट्रीय अधिवेशन नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई डा. जी संजीव रेड्डी अध्यक्ष, संजय कुमार सिंह महासचिव निर्वाचित हुए पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों का चुनाव भी किया गया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक छत्तीसगढ़ के महासचिव आशीष यादव एवं युवा इंटक से जयप्रकाश को राष्ट्रीय सचिव संजय साहू एवं शिवदयाल कर्स को राष्ट्रीय संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गई प्रथम सत्र का शुभारंभ इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी. संजीव रेड्डी द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन उपरांत राष्ट्र गान के साथ हुआ तत्पश्चात दिवंगत ट्रेड यूनियन इंटक के जयप्रकाश छाजेड़, देवेंदर सिंह जौरा व एटक के वसंत शिंत्रे को दो मिनिट का

मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार सिंह द्वारा स्वागत उद्बोधन के पश्चात 310 वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रारंभ करते हुए बैठक का एजेंडा कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। ट्रेड यूनियनों की एकता, न्यूनतम वेतन में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार के अनुरूप वृद्धि, सभी को सामाजिक सुरक्षा,मनरेगा योजना में सुधार, पब्लिक सेक्टर को बचाना एवं मजबूत करना, बिजली सुधार बिल 2022 को निरस्त करने,पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करना, प्रवासी मज़दूरों की सुरक्षा, असमानता और मुद्रास्फीति आदि श्रमिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा उपरांत कई राजनीतिक प्रस्ताव पारित किए गए। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए ।मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कहा कि कांग्रेस एवं इंटक ने मजदूरों के हितों के लिए ऐतिहासिक काम किए हैं गरीब मजदूर और मेहनतकश लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरे भारत में इंटक एक शक्तिशाली संगठन के रूप में काम करता रहा हैं। भारत निर्माण के लिए बड़े पब्लिक सेक्टर से लेकर छोटे उद्योगों तक कर्मचारियों व मजदूरों का विशेष योगदान रहा है वर्तमान समय में केन्द्र सरकार द्वारा लेबर कानून के बदलाव व पब्लिक सेक्टर की हिस्सेदारी को कम करने पर कर्मचारी में मजदूरों की आर्थिक हालातों पर जोरदार असर पड़ रहा है। जिससे रेलवे, अन्य पावर सेक्टर अधिकारों को निजी हाथों में दिया जा रहा है पब्लिक सेक्टर का पैसा चंद निजी हाथों में जा रहा है जो कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है इसके लिए सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए जिससे मजदूरों में कर्मचारियों व युवाओं का उत्थान हो, हम आशा करते हैं यह संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जी. संजीव रेड्डी के नेतृत्व में देश के मजदूरों कर्मचारी को बेहतर सुविधाएं देने के लिए आने वाले समय में एकजुट होकर काम करता रहेगा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ,डॉ. करण सिंह, तारिक अनवर, प्रतिभा देवी सिंह डॉ. आर सी खूटिया पूर्व सांसद, अशोक सिंह, संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष के. राघवैया, अशोक सिंह, रामचंद्र खूंटिया, आर. चंद्रशेखरन, एवं चंद्रप्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष एस.के. यादव महिला इंटक की अध्यक्ष व भूतपूर्व सांसद अलका क्षत्रिय, वरिष्ठ सचिव आर.डी.त्रिपाठी संजय गाबा अंतरराष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के नेताओं सीटू के तपन सेन, एटक महासचिव अमरजीत कौर, सहित बीएमएस सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं मजदूरों के हितों की लड़ाई में सदैव साथ चलने का वादा किया।

इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन संयुक्त मंच के अध्यक्ष डॉ रेड्डी ने पदभार संभालने के बाद मोदी सरकार द्वारा मजदूरों के खिलाफ लगातार लिए जाने वाले फैसलों व विरोधी कानून जैसे 4 लेबर कोड आदि का कड़े शब्दों में विरोध किया तथा कहा कि सरकार की ऐसी मजदूरों के लिए घातक छद्म कूटनीति नहीं चलने दी जाएगी।

प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना में दूसरी संतान लड़की होने पर मिलेगा एकमुश्त 6 हजार रुपये

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनाअंतर्गत पूर्व मे तीन किस्तों मे राशि जारी की जाती थी किन्तु अब इसमें संशोधन करते हुये दो किस्तों मे राशि जारी की जायेगी। चिन्हित सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के प्रथम बच्चे के जन्म पर माता को दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि 3 किश्तों के बजाए अब 2 किश्तों मे किए जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे चिन्हांकित परिवारों के प्रथम बच्चे हेतु, गर्भावस्था के पंजीयन पर एवं कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच कराए जाने पर (गर्भावस्था के 06 माह के भीतर) पहली किश्त की राशि 3 हजार रुपये दी जायेगी तथा दूसरी किश्त की राशि 2 हजार रुपये बच्चे के जन्म पंजीकरण तथा बीसीजी, पोलियो, डीटीपी एवं हेपेटाइटिस-बी या इसके समानांतर/विकल्प का प्रथम चक्र का टीका लगाए जाने के पश्चात् देय होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री अशोक पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार भारत शासन द्वारा अब 01 अप्रैल 2022 के बाद पूर्वतः चिन्हांकित सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के परिवार में जन्मे द्वितीय संतान बालिका होने पर एकमुश्त 6 हजार रूपये का लाभ दिया जाना है। लाभ लेने हेतु चिन्हांकित माता का सही आधार नंबर होना अनिवार्य है, चिन्हांकित माता का आधार लिंक बैंक खाते से होना चाहिये, चिन्हांकित माता का मातृ शिशु रक्षा कार्ड अनिवार्य रूप से संधारित होना अनिवार्य, जन्म ली हुई बालिका का जन्म प्रमाण-पत्र अनिवार्य, द्वितीय बालिका संतान को प्रथम चक्र हेतु निर्धारित सभी टीके लगाना अनिवार्य। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना अंतर्गत हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए एलएमपी तिथि से 730 दिनों की निर्धारित समय-सीमा उपलब्ध है। येजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य में सुधार एवं मजदूरी की क्षति के बदले नकद राशि के रूप मे आंशित क्षतिपूर्ति प्रदान करना है।

4 जपं सीईओ व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने बेमेतरा जिला अन्तर्गत विकासखण्ड साजा के जनपद पंचायत सीईओ कांति ध्रुव, बेमेतरा के चंद्रप्रकाश पात्रे, बेरला के स्वप्निल ध्रुव, नवागढ़ के एमएल मण्डावी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बेमेतरा डॉ. श्यामलाल साहू, बेरला देवानंद देवांगन, साजा एलएस ध्रुव एवं नवागढ़ के आरके चतुर्वेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। गोधन न्याय योजना छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना हैं जो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित हैं। जिसकी नियमित समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं किया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत बेमेतरा जिलें के विकासखण्ड साजा में 141, बेमेतरा में 210, बेरला में 130 व नवागढ़ में 128 कुल 609 गौठानों में शेड निर्माण अपूर्ण हैं। इसी प्रकार निर्मित गौठानों में अधोसंरचना निर्माण के अन्तर्गत वर्मी कम्पोस्ट टांके में शेड निर्माण नहीं होने के कारण वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन में प्रगति नहीं आ रही हैं, जसके कारण शासन की महत्वाकांक्षी योजना का सफ्ल क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा हैं। बेमेतरा जिला अन्तर्गत स्थित गौठानों से प्राप्त वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन की जानकारी जीएनवाय पोर्टल पर ऑनलाइन इंद्राज नहीं करने के कारण वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल में शासन स्तर पर नहीं पहुंच पा रही हैं।

छग सरकार कर रही खेल को बढ़ावा का काम : विजय

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम रनबोड़ में ड्रीम इलेवन क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम शामिल हुए। बघेल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल को हमेशा खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए।तथा इससे तन मन दोनो स्वस्थ रहता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा युवाओं,वृद्धजन सहित बच्चो बच्चियों के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन कर हमारे छत्तीसगढ़ संस्कृति अनुसार यहां के खेल को बढ़ावा का काम लगातर किया जा रहा। प्रथम स्थान ग्राम ठेंगाभाठ की टीम को 11,001 रुपए दिया गया।इस अवसर पर अहेलिया अश्वनी डेहरे जनपद सदस्य नवागढ़, वाकेश साहू सरपंच प्रतिनिधि, महेश साहू, दिनेश तिवारी, ताराचंद भास्कर, तारकेश्वर कुर्रे,डोमन कुर्रे सहित खिलाड़ी गण उपस्थित रहे।

कल नवागढ़ पहुँचेगी हिंदू जागरण पदयात्रा

नवागढ़/नवप्रदेश। हिंदुत्व स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा का नवागढ़ आगमन 04 मार्च को होने जा रहा है। इसी पदयात्रा का सर्व हिन्दू समाज, हिन्दू संगठन इस यात्रा में संत समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चले, उनका प्रत्येक स्थान पर स्वागत, सत्कार, सेवा व धर्म सभा का आयोजन की तैयारियों के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद नवागढ़ इकाई एवं सर्व हिन्दू समाज की संयुक्त बैठक महामाया मंदिर नवागढ़ में आयोजित की गई ।

बैठक में संघचालक संतोष खुराना ने बताया की नवागढ़ खण्ड में यह यात्रा 04 मार्च अपने खण्ड में प्रातः मुंगेली से प्रवेश कर गाड़ामोर होते हुए रात्रि विश्राम नवागढ़ एवं नवागढ़ से 05 मार्च को अँधियारखोर के रास्ते बेमेतरा प्रस्थान करेगी। इस दौरान नवागढ़ नगर में यात्रा चौक से गौरवपथ के रास्ते गणेश मंदिर पहुँचेगी। ततपश्चात गुरुद्वारा के सामने कबड्डी मैदान में सभा का आयोजन होगा।इस बीच उनके स्वागत सत्कार रुकने भोजन एवं सभा की व्यवस्था सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा आमजन के सहयोग एवं उनकी उपस्थिति में की जाएगी ।

इस दौरान जिला सह संयोजक प्रनिष रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान, सन्तोष देवांगन, नीलेश जायसवाल, मिन्टू बिसेन, चन्द्रपाल साहू, दयावंत धर बांधे, हरिकिशन कुर्रे, मधु राय, देवादास चतुर्वेदी, निमिराज सोनवानी, रूपेश यादव, प्रदीप यादव, हेमकुमार देवांगन, श्रीकांत सिंह, मिथलेश सोनकर, मनोज पुरबिया, हर्ष अरोरा, सत्यम ताम्रकार, यश जायसवाल, धनीराम निर्मलकर, भागवत सोनकर, तनु दीवान, प्रमोद यादव, कोशन कुम्भकार, महेन्द्र सोनकर सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

पशु मेला व पशु प्रदर्शनी का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। 28 फरवरी को गौठान ग्राम निलजा में विकासखंड स्तरीय पशु मेला/पशु प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अनीता योगेंद्र शर्मा विधायक धरसीवा, विशिष्ट अतिथियों में डोमेश्वरी वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष, उत्तरा कमल भारती अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवा, उधो राम वर्मा अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर (ग्रामीण), दुर्गा यादव सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत धरसीवा, दुलारी कौशल साहू सदस्य जनपद धरसीवा, अंकित वर्मा युवा कांग्रेस अध्यक्ष धरसीवा, चंद्रशेखर वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत निलजा एवं अन्य पंच गण, घनश्याम वर्मा अध्यक्ष गौठान समिति, सकुन वर्मा अध्यक्ष जागृति महिला स्व सहायता समूह एवं समूह की महिलाएं तथा पशुधन विकास विभाग से डॉ ए के कोसरिया डॉ एम पी खरे डॉ एस दासगुप्ता डॉ के एल राम समेत पशु चिकित्सा विभाग विकासखंड धरसीवा के समस्त पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण दल ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 में आज बुधवार 01 मार्च 2023 को विषय हिन्दी की परीक्षा का आयोजन जिले के कुल 70 केन्द्रों में किया गया। जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्र का सघन निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निरीक्षण दल के सदस्य सहायक संचालक यू.आर. चन्द्राकर, एम.आई.एस, प्रशासक सतीश यदु व सहायक जिला क्रिडा अधिकारी एच.डी.कुरैशी ने विकास खण्ड बोडला अंतर्गत शासकीय भोरमदेव कन्या शिक्षा परिसर महाराजपुर, सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के परीक्षा केन्द्र उड़िया खुर्द एवं स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश स्कूल सहसपुर लोहारा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों मे पर्याप्त बैठक व्यवस्था के

साथ ही समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन एवं फर्नीचर की सुविधा-व्यवस्था उपलब्ध रहा। उन्होने बताया कि परीक्षा कक्षों की संख्या के अनुपात मे कक्ष निरीक्षकों की संख्या निर्देशानुसार है। निरीक्षण के दौरान अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले परीक्षार्थी संख्या निरंक रही। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा निर्धारित आवश्यक प्रपत्रों व पंजियों का संधारण किया जा रहा है। केन्द्रों मे परीक्षाएँ शान्तिपूर्वक सुव्यवस्थित संचालित हो रही है। कक्ष पर्यवेक्षकों व परीक्षा कार्य मे तैनात कर्मचारियों को केन्द्र मे प्रवेश के पूर्व अपना मोबाईल बंद कर सुरक्षित रखना होगा।

जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने, शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक : साहू

■ शहीद वीरनारायण सिंह बालक छात्रवास, कवर्धा में परिवार सम्मेलन संपन्न हुआ

कवर्धा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम से संबद्ध शहीद वीरनारायण सिंह बालक छात्रावास आदर्श नगर, कवर्धा में पूर्व छात्रों एवं वर्तमान छात्रों के पालकों का गत मंगलवार को परिवार सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा उपस्थित

थे। अध्यक्षता जोगीराम चतुर्वेदानी ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राधेश्याम पाली सदस्य, चंद्रशेखर चंद्राकर सदस्य, बिहारी धुर्वे सह सचिव उपस्थित थे। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों ने भारतमाता एवं बिरसामुण्डा, वीरनारायण सिंह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात शहीद वीरनारायण सिंह बालक छात्रवास आदर्श नगर, कवर्धा के विषय में जानकारी देते हुए जोगीराम चतुर्वेदानी ने बताया कि यह छात्रावास 2011 से संचालित किया जा रहा है जिसमें नगर के विभिन्न समाजों के लोगों का सहयोग प्राप्त होता है, समिति के सदस्य छात्रावासी विद्यार्थियों की पढ़ाई, भोजन की व्यवस्था निःशुल्क करती है। वर्तमान में छात्रावास 25 बालकों के लिए संचालन किया जा रहा है। सम्मेलन में पूर्व छात्रों एवं पालकों ने अपना अनुभव साझा किया। वहीं मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू ने कहा कि हम जितनी भी समाज सेवा करते हैं उनमे शिक्षा में सहयोग सर्वोपरि है।

हाईवे पर होने वाली दुर्घटना के लिए एम्बुलेंस निशुल्क उपलब्ध

ढ़ाक/झलप/नवप्रदेश। टोलप्लाजा के अंतर्गत हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं के लिए निशुल्क एम्बुलेंस नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पहूँचाने का कार्य सुचारु रुप संचालित है बीएससीपीएल ढाक टोलवेज लिमिटेड महासमुंद सेशु प्रसाद टोल मैनेजर ने बताया अगर आप टोल-वे पर यात्रा कर रहे हैं तो पेट्रोल से लेकर एंबुलेंस तक की मिलती हैं कई सुविधाएं भी अब देशभर में टोल-वे का जाल सा बिछ गया है. आप अगर किसी नेशनल हाईवे से जा रहे हैं7तो रास्ते में टोल प्लाजा से आपके वाहन का गुजरना तय है7 कि जब आप टोल-वे से यात्रा करते हैं तो आपको कई सुविधाएं भी मिलती हैं, जिसमें कुछ एकदम फ्री होती हैं तो कुछ वाजिब मूल्य पर लेकिन ये सुविधाएं बहुत काम आ सकती हैं एंबुलेंस

की सुविधा हाईवे पर सड़क मरम्मत करते समय व्यक्तियों को आहत होने पर भी तुरंत इलाज के लिए सुविधा मिलेगी साथी आम पब्लिक के लिए भी सुविधा उपलब्ध रहेगी मेडिकल इमरजेंसी नंबर पर काल से 10 मिनट में आती है एंबुलेंस - नेशनल हाईवे पर यात्रा के दौरान अक्सर मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति बन जाती हैं।

कार्यकाल का आखरी बजट 6 मार्च को पेश करेंगे सीएम बघेल

■ संविदा कर्मचारियों को नियमितीकरण की आशा

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का बजट सत्र आज से शुरू हो गया हैं, वही 6 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वित्तमंत्री के रूप में अपना इस कार्यकाल के आखरी बजट पेश करेंगे। चुनावी बजट को देखते हुए हर वर्ग इससे उम्मीद लगाए बैठा हैं और निश्चित रूप से इस बजट में होने वाली घोषणाएं आगामी चुनाव में अपना व्यापक असर छोड़ेगी, यदि बात की जाए कांग्रेस सरकार के जनघोषणा पत्र वर्ष 2018 की तो जहाँ भूपेश सरकार ने अपने अधिक वादे पूरे कर दिए हैं, वहीं एक महत्वपूर्ण घोषणा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण पर अब तक सरकार खरी नहीं उतर पाई हैं, संविदा कर्मचारी अपने नियमितीकरण की अब तक बाट ही जोह रहें हैं। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कैबिनेट मंत्रीयों के द्वारा विभिन्न मंचों में संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण की बात करते हैं तथा बहुत ही जल्द जनघोषणा पत्र 2018 के सभी वादा को पूरा करगे बोलते आये हैं और संविदा कर्मचारियों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करते रहें हैं। प्रदेश में लगभग 45 हजार से अधिक संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित तमाम विभागों में राज्य एवं केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत हैं। कांग्रेस पार्टी ने चुनावी जन घोषणा पत्र वर्ष 2018 में बड़ा दांव खेलते हुए शासकीय

कर्मचारियों के सम्बंध में विभिन्न घोषणाएं की थी। जिनमें शिक्षाकर्मियों के संविलियन के लिए 8 वर्ष की अनिवार्य सेवा को 2 वर्ष करने का वादा किया था, उसी प्रकार सभी संविदा, अनियमित कर्मचारियों को नियमितीकरण का वादा भी किया गया था। कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष पूरन आनंद, जिला संयोजक डॉ. डोमन यादव, दिनेश साहू, यामिनी खुटेल एवं जिला प्रवक्ता श्रीमती गोपिका जायसवाल, मनीष शर्मा, गरिमा वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष साजा डॉ. विपिन सोनी, चन्द्र कुमार देवांगन ने सँयुक्त बयान जारी कर बताया कि तत्कालीन कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष, वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, मोहन मरकाम, कवासी लखमा, पंचायत मंत्री रवींद्र चौबे ने सार्वजनिक तौर पर सरकार बनने की 10 दिन के भीतर संविदा कर्मचारियों की नियमितीकरण करने का वादा 3 जुलाई 2018 को कर्मचारियों के आंदोलन दौरान किया था, जिससे कर्मचारियों को कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बहुत उम्मीद बंधी थी, छत्तीसगढ़ सरकार ने संविदा कर्मचारियों की तरह ही कार्य कर रहें शिक्षाकर्मियों को जो शुरवाती दौर में राजीव गांधी शिक्षा मिशन के कर्मचारियों थे और पंचायतों, जनपदों के माध्यम से भर्ती हुए थे, उनका संविलियन शिक्षा विभाग में किया गया, लेकिन शासन के और बहुत से विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के प्रति सरकार का रवैया अभी तक पूर्ववर्ती सरकारों की तरह ढुलमूल ही रहा हैं। कर्मचारी महासंघ के संजय तिवारी एंव बृजेश दुबे ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संविदा अनियमित कर्मचारियों के मंच पे आने वाला साल कर्मचारी मन के बोलकर एक उम्मीद की किरण संविदा कर्मचारियों को दिखाई थी, लेकिन उसके बाद गठित पिगवा कमेटी और कोरोना दोनों का हाल सिर्फ कर्मचारियों को पडताडित करने वाला ही रहा हैं, पिगवा कमेटी का रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं हो पाया है और कोरोना काल में अपने जान को जोखिम में डालकर कार्य करने वाले कोरोनो योद्धा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, शिक्षा सहित सभी विभागों के कर्मचारियों द्वारा लगातार अपनी माँग को लेकर मुखर रहें हैं।

विधानसभा में गूंजा अनियमित कर्मचारियों का मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही के दौरान अनियमित कर्मचारियों के मुद्दे की गूंज सुनाई दी। मुख्यमंत्री ने नियमितीकरण पर सदन में लिखित में जवाब दिया है। विधायक प्रीतम राम का सवाल था कि अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए क्या कोई समिति का गठन किया गया है। अगर हां तो इनके सदस्य कौन-कौन है कब-कब बैठकें हुई और समिति की ओर से क्या अनुशंसा की गई? सीएम ने पर लिखित जवाब देकर कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग और सार्वजनिक उपक्रम विभाग के अफसरों की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। इसमें वित्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग जैसे विभागों के सचिव स्तर के अफसर सदस्य हैं। साल 2022 के 16 अगस्त को बैठक की गई और इसमें 5 बिंदुओं पर जानकारी सरकार के सभी विभागों से मांगी गई। मुख्यमंत्री ने इस पर बताया कि शासन स्तर पर दैनिक वेतन भोगी, अनियमित और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किए जाने की विधिवत कार्यवाही की जा रही है। समय सीमा बता पाना संभव नहीं है।

भ्रष्टाचार के सवाल पर घिरे मंत्री रूद्रकुमार

विधानसभा के दूसरे दिन भाजपा विधायक रजनीश सिंह ने बिलासपुर संभाग में जल जीवन मिशन के कार्यों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया और सरकार के पीएचई मंत्री को घेरा। गड़बड़ियों के सवाल पर मंत्री रुद्र गुरु ने कहा कि संबंधित अफसर पर कार्रवाई की गई है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि अफसर को निलंबित कर देना पर्याप्त नहीं है, एफआईआर करेंगे क्या। जवाब में रुद्र गुरु ने कहा - संस्पेंड कर दिया गया है। आगे जांच चल रही है, मैंने जवाब दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मंत्री घुमाकर उत्तर दे रहे हैं। इसके बाद अजय चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने हंगामा कर दिया। मंत्री पर मामले को दबाने का आरोप लगाकर हल्ला करने लगे। बवाल बढ़ने के बाद प्रश्नकाल समाप्त कर दिया गया। विपक्ष के नेताओं ने नाराजगी जताकर वॉकआउट कर दिया।

भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग को सदन गर्म

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन विपक्षी विधायकों ने शून्यकाल के दौरान टार्गेट किलिंग का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा और अजय चंद्राकर ने बस्तर में भाजपा नेताओं की टार्गेट किलिंग का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार पर सुरक्षा नहीं देने का आरोप लगाया। इस मुद्दे पर काम रोको प्रस्ताव के जरिए चर्चा कराने की मांग रखी। बस्तर में पिछल कुछ समय में भाजपा के कई नेताओं की हत्या के मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच जोरदार नोंकझोंक हुई। विपक्ष के नेता राज्य सरकार पर हमलावर रहे। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी भाजपा नेताओं पर हमला बोला। इसे लेकर काफ ी देर तक हंगामा होता रहा और सदन की कार्यवाही बाधित हुई। इसे देखते हुए आसंदी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

गांव की छात्रा सेरेना ने न्यूयार्क में लहराया परचम

■ **मंदिरों से वेस्ट हो चुके फूलों के कलर से डिजाइन किए कपड़े से फैशन शो में लिया भाग, जमकर हुई तारीफ**

सारंगढ़/नवप्रदेश। न्यूयॉर्क फैशन वीक के सातवें सीजन में रायपुर आई एनआईएफडी के स्टूडेंट ने अपना क्रिएटिव डिजाइन को प्रेजेंट किया है। विद्यार्थियों ने उत्तर का कांसेप्ट में इको प्रिंट डिजाइन ड्रेस की है इस ड्रेस की खास बात यह है कि इसे कलर करने के लिए इकोलॉजिकल टेक्निक का उपयोग किया गया था इसके लिए स्टूडेंट ने मंदिरों से वेस्ट हो चुके फू लों को एकत्रित किया है। इसके बाद वाइट फैब्रिक के साथ लगभग 4 घंटे स्टीम किया और उसे रात भर 12 घंटे के लिए छोड़ दिया कॉलेज में से 10 स्टूडेंट सिलेक्ट हुए थे न्यू ईयर के लिए जिसमें कलेक्शन का नाम इतवार था उन्होंने इंस्पिरेशन चिकनकारी एंब्रायडरी और इनको प्रिंट टेक्निक से ली है। इन सब में सेरेना मैत्री और रिया अग्रवाल का सबसे ज्यादा योगदान था।स्टूडेंट ने खुद ही एक को प्रिंट करें गोल्डन रोज फ्लावर से किया है गारमेंट में जियोग्रेट फैब्रिक ऑर्गेनिक फैब्रिक का इस्तेमाल किया है। और बल्कि स्टूडेंट ने खुद ही से एंब्रॉयडरी भी किया है और सिलाई भी किया है। चीफ मेंटर ऑफ न्यूयॉर्क गिनतारे जनकौनिएं के साथ जूम मीटिंग में डिस्कशन हुआ उन्होंने स्टूडेंट के 50 डिजाइन में से एक डिजाइन फाइनल किया जो कि सेरेना मैत्री का डिजाइन सिलेक्ट हुआ था फिर स्टूडेंट ने टेस्ट फिट बनाया फि र अप्रूव होने के बाद फाइनल गारमेंट बनाकर पैक करके आई एनआईएफडी रायपुर से आई एनआईएफडी चंडीगढ़ होते हुए न्यूयॉर्क भेजा गया। अब यह गारमेंट न्यू यॉर्क फैशन वीक 2023 मैं 10 फरवरी को न्यूयॉर्क टाइम्स में रेप में प्रदर्शित हुआ और भारतीय समय में सुबह 6 बजे सो हुआ यूट्यूब एंड लाइव ऑन इंस्टाग्राम में अपलोड हुआ इसमें स्टूडेंट की बहुत मेहनत थी और उनके लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस संबंध मे सेरेना मैत्री ने कहा कि मैं बहुत ही गर्व महसूस करती हूं कि मैं आईआईडीएफ में एडमिशन ली क्योंकि आईएनआईएफ्डी एकमात्र ऐसा इंस्टिट्यूट है जिसमें कि लैक्मे फैशन वीक न्यूयॉर्क फैशन वीक लंदन में चांस मिलता है स्टूडेंट को पार्टिसिपेट करने का और हमारे मेंटल का बहुत बड़ा योगदान होता है। मं आई एनआईएफडी वह भाग प्रमुख विजय रोहित सर और लिटिना पात्र सुचारिता दास हृदय से आभार ब्यक्त करती हूं कि मुझे इतना बड़ा अपॉर्चुनिटी देने के लिए मेरे माता पिता सागर सिंह मैत्री और मधु मैत्री पीटीआई बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं कि इस छोटे से गांव भोथली डिस्ट्रिक्ट सारंगढ़ की बेटी ने अपने टैलेंट को न्यूयार्क तक पहुंचाया।

छत्तीसगढ़ में तीन तलाक पर पहली कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

मनेंद्रगढ़/रायपुर/नवप्रदेश। तीन तलाश पर रोक का कानून पारित होने के बाद छत्तीसगढ़ में पहला मामला सामने आया है. मनेंद्रगढ़ पुलिस ने राजधानी रायपुर में बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी से आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मनेंद्रगढ़ की 22 वर्षीय युवती का विवाह पिछले साल 9 सितंबर को आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द के मोहम्मद शरीफ(36 वर्ष) से हुआ था. मुस्लिम विधि से मनेंद्रगढ़ में कार्यक्रम संपन्न हुआ था. युवती की स्किन खुश्क रहती है. यह जानकारी शादी से पहले वर पक्ष को दी गई थी. शादी के बाद युवती रायपुर में रहने के लिए आ गई. करीब महीनेभर बाद मोहम्मद शरीफ उसे मायके में छोड़कर चला गया. इसके बाद इस साल 17 जनवरी को उसने तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तलाक दे दिया. शरीफ ने कहा कि युवती की स्किन हमेशा खुश्क रहती है, इसलिए वह दूसरा निकाह करेगा. इस मामले की शिकायत प्रार्थिया ने दो फरवरी को मनेंद्रगढ़ थाने में की थी, जिसके बाद आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

तेंदुए खाल की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। वन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तेंदुए की खाल समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। तस्करों से जब्त तेंदुए खाल की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लाखों में बताई जा रही है। इस मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने बताया कि पुलिस एवं वन विभाग कांकेर की संयुक्त टीम को 1 मार्च की रात मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कांकेर नरहरपुर रोड में दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं एवं वन्य प्राणी तेंदुए की खाल बिक्री के लिए रखे हैं। जिस पर दोनों को पकड़ा गया। उनकी तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के संयुक्त आधिपत्य से वन्य प्राणी तेंदुए का दो नग खाल बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम रैतु राम कोर्राम पिता महगू राम उम्र 27 वर्ष निवासी पुंगारपाल थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव तेजू राम कश्यप पिता मंजिया राम कश्यप उम्र 19 वर्ष निवासी तुमड़ीवाल थाना मर्दापाल जिला कोंडागांव बताया। वहीं तेंदुए की खाल को ग्राम चेमा जिला कोंडागांव निवासी जयतु कोर्राम एवं फूल राम से प्राप्त कर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में कांकेर आना बताया। आरोपियों के कब्जे से बरामद शुदा तेंदुए की खाल को मौके पर वन विभाग से भौतिक सत्यापन कराया जाकर जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना कांकेर में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा 9,39,51,54 अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर ग्राम चेमा जिला कोंडागांव निवासी जयतु कोर्राम एवं फूलराम की संलिप्तता के संबंध में तथा वन्यजीव तेंदुए का शिकार करने के संबंध में भी पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है संलिप्तता प्रमाणित पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की होगी।

वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर पंचायत सचिव निलंबित

कोरिया/नवप्रदेश। कार्य में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत खुटरापारा के सचिव दिलीप कुमार को निलंबित किया गया है। सीईओ जनपद पंचायत बैकुंठपुर के प्रतिवेदन अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में वित्तीय अनियमितता किये जाने संबंधित आरोप प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया। उक्त कृत्य हेतु सचिव ग्राम पंचायत खुटरापारा जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर को छ.ग. पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 एवं छ.ग. ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तियां तथा कृत्य) नियम, 1999 के नियम 4 एवं नियम 5 का उल्लंघन करने के कारण अनुशासनिक कार्यवाही प्रयोजनार्थ तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उक्त ग्राम पंचायत सचिव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। उक्त सचिव के निलंबन के परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत खुटरापारा के सचिवीय पदीय दायित्वों का अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत जामपारा में पदस्थ सचिव लालमन बरगाह जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर को आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से सौंपा गया है।

लकड़ी माफियाओं के ठिकानों पर वन विभाग की दबिश, चिरान जब्त

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में इन दिनों लकड़ी माफियाओं के हौसले पूरी तरह से पस्त है। डीएफ ओ डॉ जाधव सागर रामचंद्र के मार्गदर्शन में वन विभाग उड़नदस्ता की टीम लगातार लकड़ी माफि याओं पर कार्यवाही कर रही है। आज गीदम परिक्षेत्र के गुमड़ा ग्राम के नाकापारा में मुखबीर की सूचना पर उड़नदस्ता की टीम ने दबिश दी। उड़नदस्ता की गाड़ी देख लकड़ी माफि या तो जंगल की ओर भाग खड़े हुए वे किंतु उस स्थान से 0.390 घनमीटर लकड़ी चिरान, टंगिया, आरी आदि सामग्री जप्त किया गया। आवश्यक कारवाई हेतु जप्त लकड़ी चिरान को वन काष्ठागार दंतेवाड़ा लाया गया। जप्त

चिरान की कीमत 30000.00 से अधिक बताई जा रही है। दंतेवाड़ा उड़नदस्ता द्वारा किये जा रहे कारवाई से लकड़ी माफ्यिाओं में ख़ौफ़का माहौल देखा जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा लगातार माफि याओं को टारगेट करते हुए वे कड़ी मेहनत से उन पर कार्यवाही कर उन्हें बड़ा नुकसान पहुंचा रहे।

ग्राम पंचायत पुसावंड के सचिव निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पुसावंड विकासखण्ड कांकेर के गौठान में नियमित रूप से पशुपालकों से गोबर की खरीदी नहीं करने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने ग्राम पंचायत के सचिव साधूराम मंडावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पुसावंड गौठान के मैप पोर्टल का अवलोकन करने पर 16 से 31 जनवरी 2023 तक गोबर की खरीदी नहीं करना पाया गया। इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, जिसका उन्होंने जवाब नहीं दिया। उच्च अधिकारी के निर्देशों की अवहेलना एवं कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल द्वारा ग्राम पंचायत सचिव साधूराम मंडावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

एनएमडीसी की खानों को आईबीएम से पांच सितारा रेटिंग मिला

हैदराबाद/नवप्रदेश। एनएमडीसी की लौह अयस्कए खानों, किरंदुल निक्षेप-14 एमजेड, किरंदुल निक्षेप-14 एनएमजेड तथा बचेली निक्षेप-5 को भारतीय खान ब्यीरो (आईबीएम) ने बुधवार को नागपुर में आयोजित समारोह में पांच सितारा रेटिंग प्रदान की। संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने ये अवार्ड एनएमडीसी के निदेशक (उत्पायदन) दिलीप कुमार मोहंती को प्रदान किए। एनएमडीसी की खानों को देश के सर्वोत्तकम खनन पट्टों में गिना जाता है तथा उन्हें‍ भारतीय खान ब्यूपरो, खान मंत्रालय की स्टांर रेटिंग प्रणाली में निरंतर पांच सितारा रेटिंग प्राप्त होती रही हैं। खानों का मूल्यां कन सतत विकास फ्रेम वर्क (एसडीएफ) के कार्यान्वंयन में की गई पहलों को आधार पर किया जाता है। मूल्यांकन मानदण्डोंक में वैज्ञानिक तथा प्रभावशाली खनन के द्वारा प्रभाव प्रबंधन; पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना के सामाजिक प्रभावों का समाधान; स्थाकनीय समुदायों के साथ जुड़ाव एवं कल्यांणकारी कार्यक्रम, प्रगतिशील तथा अंतिम खान बंदी तथा अंतर्राष्ट्रीं‍य मानकों को अपनाना शामिल हैं। दिलीप कुमार मोहंती ने एनएमडीसी टीम को बधाई देते हुए कहा कि, भारत के सबसे बड़े लौह अयस्कन उत्पाददक के रूप में एनएमडीसी का यह उत्त रदायित्व है कि टिकाऊ, प्रभावशाली एवं पर्यावरण हितैषी खनन पद्धतियों को अपनाया जाए। हम राष्ट्री के पर्यावरण हितैषी खनिक होने के साथ-साथ अपनी उत्पा दन प्रक्रिया को नवोन्मौषी एवं डिजिटल बनाना जारी रखेंगे। एनएमडीसी ने भारतीय खान ब्यू रो (आईबीएम) के 75वें स्था,पना दिवस के उपलक्ष्यद में नागपुर में आयोजित विशेष खनन प्रदर्शनी में हिस्साा लिया। विवेक भारद्वाज, सचिव, खान मंत्रालय ने एनएमडीसी पेवेलियन का उद्घाटन किया जिसमें कंपनी तथा भारत के खनन क्षेत्र की प्रगति तथा नई पहलों को प्रदर्शित किया गया।